आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 39 अंक 310 | इंदौर, रविवार 07 जून, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण 7 (अधिकमास) संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-4.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### पुतिन-किम जोंग की नजदीकी से जिनपिंग की चिंता बढ़ी

**बीजिंग/प्योंगयांग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अगले हफ्ते उत्तर कोरिया के दौरे पर जाएंगे और वहां किम जोंग उन से मुलाकात करेंगे। दोनों देशों के सरकारी मीडिया के मुताबिक यह यात्रा 8 से 9 जून तक होगी। जिनपिंग ने इससे पहले 2019 में प्योंगयांग का दौरा किया था। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब कुछ हफ्ते पहले ही जिनपिंग ने बीजिंग में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मेजबानी की थी। रूस और चीन दोनों ही उत्तर कोरिया की विदेश नीति में बेहद अहम भूमिका निभाते हैं। कुछ साल पहले तक उत्तर कोरिया पर चीन का दबदबा था, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस और उत्तर कोरिया की नजदीकी बहुत ज्यादा बढ़ गई है। यानी कि अब उत्तर कोरिया सिर्फ चीन के भरोसे नहीं है।

### ईरान ने कुवैत-बहरीन पर 7 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका ने कहा है कि उसकी सेना ने गोरुक और केश्म आइलैंड पर ईरानी रडार साइट्स पर हमला किया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, पहले होर्मुज में ईरान के 4 अटैक ड्रोन मार गिराए गए, फिर आगे के हमले रोकने के लिए रडार साइट्स को निशाना बनाया गया। इसके जवाब में ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने कहा कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के पास दुश्मन ठिकानों पर मिसाइल हमला किया। वहीं, केंटकॉम के मुताबिक ईरान ने कुवैत और बहरीन की ओर 7 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिनमें 6 को हवा में ही रोक दिया गया, जबकि सातवीं अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी हमलों के बाद ईरान की मिसाइल क्षमता काफी कमजोर हो गई है और उसके पास सिर्फ 21-22% मिसाइलें बची हैं।

### एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे पर सीएम फडणवीस से कानूनी कार्रवाई की मांग



**मुंबई।** टेलीविजन एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे के एक हालिया खुलासे पर ऑल इंडिया सिने वर्कर्स एसोसिएशन ने कड़ी आपत्ति जताई है। शिल्पा ने कॉमेडियन भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में माना था कि उन्होंने टीवी शो 'भाभीजी घर पर हैं' के प्रोड्यूसर पर सेक्सुअल हैरेसमेंट (यौन उत्पीड़न) के झूठे आरोप लगाए थे। इस बयान के बाद एसोसिएशन ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस मामले में हस्तक्षेप कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, सोशल मीडिया पर हो रही आलोचना के बीच शिल्पा ने एक वीडियो शेयर कर आलोचकों को जवाब दिया, झूठे आरोपों से असली पीड़ितों को नुकसान। ऑल इंडिया सिने वर्कर्स एसोसिएशन ने एक आधिकारिक बयान जारी कर शिल्पा शिंदे के इस कबूलनामे पर गहरी निराशा जताई है। एसोसिएशन का कहना है कि ऐसे कदमों के गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

### पिकअप-ट्रॉले में जबरदस्त भिड़ंत में 9 लोगों की मौत

**फिरोजपुर।** पंजाब के फिरोजपुर से एक बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। शनिवार सुबह फाजिल्का रोड पर एक भीषण सड़क हादसे ने कई हंसते-खेलते परिवारों की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं। जंगा वाले मोड़ के पास एक पिकअप गाड़ी और तेज रफ्तार घोड़ा ट्राला के बीच आमने-सामने की इतनी जोरदार भिड़ंत हुई कि मौके पर ही चीख-पुकार मच गई। इस भयानक टक्कर में अब तक 9 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 15 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। कुछ की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक यह हादसा उस समय हुआ जब पिकअप गाड़ी में सवार होकर कुछ लोग अपने किसी प्रियजन की अस्थियां विसर्जित करने के लिए जा रहे थे. पूरा परिवार और उनके रिश्तेदार शोक में डूबे हुए थे और धार्मिक रीति-रिवाज को पूरा करने के लिए पवित्र स्थल की ओर बढ़ रहे थे।

### तेज रफ्तार डंपर ने कार को कुचला एक ही गांव के पांच युवकों की मौत

**मोरबी।** गुजरात के मोरबी-हलवद हाईवे पर चरड़वा गांव के बाहरी इलाके में शुक्रवार की देर रात एक भीषण सड़क हादसे में रणछोड़गढ़ गांव के पांच युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार कार एक फैक्ट्री से निकल रहे डंपर से टकरा गई, जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार, रणछोड़गढ़ निवासी दिलीप दहैया का 24 वर्षीय पुत्र परेश दहैया मानसर गांव के पास बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाने के उद्देश्य से गांव के कुछ युवक कार में लेकर रवाना हुए थे। रात करीब 9.30 बजे चरड़वा गांव के पास एक पेट्रोल पंप के सामने फैक्ट्री से निकल रहे डंपर ने अचानक मोड़ लिया। अस्पताल पहुंचने की जल्दबाजी में कार चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार सीधे डंपर से जा टकराई।

### हिमाचल में आए भूकंप के बड़े झटके से तीन बार हिली धरती

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बीती रात कुदरत का खौफनाक मंजर देखने को मिला, जहां एक के बाद एक आए भूकंप के तीन जोरदार झटकों ने पूरे सूबे को हिलाकर रख दिया। रातभर धरती हिलने के कारण लोग बेहद दहशत में रहे और खौफ के मारे पूरी रात सो नहीं पाए। पहला और सबसे तेज झटका रात 10.04 बजे महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.0 मापी गई। इसके बाद भी धरती शांत नहीं हुई और रात 11.04 बजे 2.8 तीव्रता तथा ठीक 11.52 बजे 3.0 तीव्रता के दो और झटके महसूस किए गए। राहत की बात यह रही कि किसी की जान नहीं गई, लेकिन इस आपदा के कारण कई इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, इन तीनों ही भूकंपों का केंद्र हिमाचल प्रदेश का चंबा जिला रहा।

# दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी का 5 घंटे तक चला प्रदर्शन

## नीट पेपर लीक मामले में अभिजीत ने शिक्षा मंत्री का इस्तीफा मांगा, 13 जून को फिर जंतर-मंतर पर जुटने का ऐलान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी, यानी सीजेपी ने शनिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर 5 घंटे प्रदर्शन किया। पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा था कि मंत्री इस्तीफा दें, नहीं तो पूरे देश में प्रदर्शन किया जाएगा। अगले शनिवार, यानी 13 जून को जंतर-मंतर पर फिर प्रदर्शन करेंगे।

सीजेआई को जंतर-मंतर पर शाम 5 बजे तक प्रदर्शन करने की अनुमति मिली थी, लेकिन करीब 3 बजे ही अभिजीत और सोनम वांगचुक धरनास्थल से रवाना हो गए थे। इसके बाद प्रदर्शन खत्म हो गया।

अभिजीत सुबह ही अमेरिका से दिल्ली लौटे थे। वे एयरपोर्ट से सीधे जंतर-मंतर पहुंचे थे। यहां अभिजीत अंबेडकर की ऑटो बायोग्राफी और संविधान की कॉपी लेकर पहुंचे थे।

**सोनम वांगचुक प्रदर्शन में शामिल**

कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक भी शामिल हुए। उनके साथ सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका भी मौजूद थे। आशुतोष आईआईटी कानपुर से पास आउट हैं। वे पिछले साल लंदन से भारत लौटे हैं।



**1 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी दिल्ली बॉर्डर पर कड़ी सुरक्षा**

सीजेपी के प्रदर्शन के मद्देनजर इंदिरा गांधी एयरपोर्ट, मुख्य रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और दिल्ली के बॉर्डर पॉइंट्स पर सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। 1 हजार से ज्यादा पुलिस जवान पहले से तय पॉइंट्स पर तैनात किए गए थे। बाजारों और संवेदनशील इलाकों में कानून व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी गई थी।

**मंत्री के इस्तीफे के लिए 5 दिन की समय सीमा**

अभिजीत ने कहा- कॉकरोच जनता पार्टी अपनी मांग पर अड़ी है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें। उन्होंने धर्मेंद्र को इस्तीफे के लिए 5 दिन का अल्टीमेटम दिया है। अगर कॉकरोच जनता पार्टी की बात नहीं मानी जाती है, तो 13 जून को जंतर-मंतर पर दोबारा प्रदर्शन किया जाएगा।

**उद्धव ठाकरे बोले- युवाओं को कॉकरोच कहना गलत-** शिवेसना (उद्धव) के चीफ उद्धव ठाकरे ने कहा कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे युवाओं के आंदोलन को लेकर शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि नीट पेपर लीक ने लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को कॉकरोच कहकर उनका अपमान करना गलत है। अब यही युवा अपनी मांगों के लिए आवाज उठा रहे हैं तो सरकार को उनकी बात सुननी होगी। उन्होंने आंदोलन को सरकार के लिए चेतावनी बताया। **अखिलेश यादव ने सीजेपी प्रदर्शन का वीडियो शेयर किया-** सपा चीफ अखिलेश यादव ने सीजेपी प्रदर्शन का वीडियो शेयर किया। उन्होंने लिखा- गुरूरमंद हुक्मरानों तक पहुंचे ये आवाज, अब नौजवानों ने भी कर दिया है इंकलाब। **एनसीपी (एसपी) के महासचिव रोहित पवार का सीजेपी को समर्थन, कहा- युवाओं का गुस्सा बढ़ रहा-** एनसीपी (एसपी) के महासचिव रोहित पवार ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' को अपना समर्थन दिया। यह आंदोलन नीट और सीबीएसई परीक्षाओं में हुई कथित गड़बड़ियों के खिलाफ किया जा रहा है। पवार ने कहा कि इस विरोध प्रदर्शन को मिल रहा भारी समर्थन यह दिखाता है कि देश के युवाओं में केंद्र सरकार की नीतियों और मुख्य परीक्षाओं में हुई कथित लापरवाही को लेकर गुस्सा बढ़ता जा रहा है।




**सीजेपी प्रदर्शन के दौरान 6 लोग हिरासत में**

दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने 6 लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रदर्शन के समर्थकों और विरोधियों के बीच तनाव हो सकता है। इसी के चलते कुछ लोगों को एहतियाती हिरासत में लिया गया।

# दो हिस्सों में बंटी माता वैष्णो देवी जाने वाली ट्रेन

## धमाके से टूटा स्लीपर कोच का टॉयलेट, मची अफरा-तफरी, 1200 यात्री बाल-बाल बचे

एजेंसी ▶▶ लुधियाना

लुधियाना रेलवे स्टेशन पर वैष्णो देवी जा रही 1200 यात्रियों से भरी ट्रेन का हादसा हो गया। यहां ट्रेन के स्लीपर कोच का टॉयलेट अचानक धमाके जैसी आवाज के साथ टूट गया। जिसके बाद यह कोच अपने साथ वाले डिब्बे से अलग हो गया। धमाके जैसी आवाज सुनते ही यात्रियों में अफरातफरी मच गई। वह डिब्बे से बाहर आ गए।

खुशकिस्मती की बात ये रही कि जिस वक्त हादसा हुआ, ट्रेन लुधियाना से चली ही थी। अगर हाईस्पीड के दौरान यह हादसा होता तो यात्रियों की जान को खतरा हो सकता है। न्यू दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्पेशल (04081) नाम की यह ट्रेन आज (शनिवार) तड़के ढाई बजे के बाद नई दिल्ली से वैष्णो देवी के लिए रवाना हुई। सुबह 8.47 बजे पर यह लुधियाना स्टेशन पर पहुंची।



**किसी तरह का ब्लास्ट नहीं हुआ**

पंजाब में ऑपरेशन ब्लू स्टार की बरसी के चलते वैसे ही कड़ी सुरक्षा है। इसके बीच ट्रेन के साथ हुए हादसे का पता चलते ही पुलिस तुरंत हाई अलर्ट पर आ गई। रेलवे के अफसर भी मौके पर पहुंच गए। जांच के बाद लुधियाना के एडीसीपी समीर वर्मा ने कहा कि ट्रेन जब चलने लगी तो 2 कोच को जोड़ने वाला कपलर टूट गया। यह हादसा है, किसी तरह का ब्लास्ट नहीं हुआ है। फिरोजपुर डिवीजन के डीआरएम संजीव कुमार ने कहा कि एक डिब्बे की उम्र 25 साल होती है। जो डिब्बा टूटा उसे अभी 15 ही साल हुए हैं।

## दिल्ली होटल आग हादसे मामले में पुलिस ने रसोइया को किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मालवीय नगर के फ्लरिश स्टे होटल में आग लगी थी। पुलिस ने हादसे की जांच के लिए होटल के रसोइए केशव नेगी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में पता चला है कि आग रसोइए की लापरवाही से लगी हो सकती है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रसोइए केशव ने ही बताया था कि ग्राउंड फ्लोर पर बने रेस्टॉरेंट के किचन में बिजली से चलने वाला चूल्हा था। इसमें विस्फोट के बाद ही आग लगी, जो पूरे होटल में फैल गई थी। पुलिस जांच में ही



यह बात सामने आई है कि जब नेगी ने बिजली बंद की तो इससे होटल इलेक्ट्रॉनिक दरवाजे लॉक हो गए। नेगी की लापरवाही के कारण ही कई लोग होटल से बाहर नहीं निकल पाए। मालवीय नगर के हौजरानी में फ्लोरिश स्टे बी एंड बी में आग 3 जून को सुबह करीब 8.30 बजे लगी और तेजी से पांच मंजिला संकरी इमारत में फैल गई थी।

### जबलपुर में पकड़ी गई नशीले इंजेक्शनों की बड़ी खेप

# 2 एमआर सहित 6 गिरफ्तार

## एविल-बुप्रेनॉर्फिन का कॉम्बो बनाकर बेचते थे नशा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ जबलपुर

प्रदेश के जबलपुर में क्राइम ब्रांच व थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए नशीले इंजेक्शनों का बड़ा जखीरा बरामद किया है। इस मामले में दो मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपी जबलपुर के रहने वाले हैं और कम कीमत पर इंजेक्शन खरीदकर नशा करने वालों को ऊंचे दामों पर बेचते थे। पुलिस इस कारोबार के मास्टरमाइंड की तलाश में जुटी है। आरोपियों के कब्जे से करीब 6,600 इंजेक्शन, एक ऑटो और पांच मोबाइल फोन जब्त किए गए।

बेलबाग थाना प्रभारी जितेंद्र पाटकर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नशीले इंजेक्शनों की बड़ी खेप उत्तर प्रदेश से रीवा, सतना और कटनी होते हुए बस के जरिए जबलपुर लाई गई है। यहां से इसे शहर के विभिन्न इलाकों में सप्लाई किया जाना था। सूचना मिलने पर एसपी संपत उपाध्याय को अवगत कराया गया। इसके बाद एएसपी क्राइम जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम



गठित कर कार्रवाई की गई। पुलिस ने रामलीला मैदान के पास ई-रिक्शा के साथ एक संदिग्ध युवक को देखा। पूछताछ के लिए रोकने पर वह भागने लगा, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम दुर्गा पटेल (46) निवासी समता कॉलोनी, थाना गोहलपुर बताया। तलाशी के दौरान ई-रिक्शा से तीन कार्टन और एक सफेद बोरी बरामद हुई। तीनों कार्टनों में 16-16 बॉक्स रखे थे। प्रत्येक बॉक्स में 25-25 शीशियां मिलीं। कुल 1,200 शीशियों की कीमत लगभग 26,400 रुपए आंकी गई। सफेद बोरी में 80 डिब्बे मिले, इनमें कुल 2 हजार इंजेक्शन थे, जिनकी कीमत करीब 54,400 रुपए बताई गई। इस तरह दोनों प्रकार के कुल 3,200 नशीले इंजेक्शन बरामद हुए, जिन्हें ई-रिक्शा समेत जब्त कर लिया गया।

### राज्यसभा चुनावः कांग्रेस उम्मीदवार अकेली पहुंचीं पीसीसी, स्वागत रहा फीका

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के राज्यसभा चुनाव में शनिवार को एक ओर भाजपा उम्मीदवार तरुण चुग और रजनीश अग्रवाल ने शक्ति प्रदर्शन के बीच नामांकन दाखिल किया, वहीं कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन के भोपाल पहुंचने पर पार्टी कार्यालय में उत्साह नजर नहीं आया। उनके स्वागत के लिए गिने-चुने नेता और कार्यकर्ता ही पहुंचे। इसे लेकर भाजपा ने कांग्रेस की एकजुटता पर सवाल उठाए, जबकि मीनाक्षी ने दावा किया कि सभी विधायक उनके साथ हैं। मीनाक्षी नटराजन शनिवार को भोपाल पहुंचीं। वे एक कार से नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से मिलने पहुंचीं और बाद में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय गईं। पीसीसी में उनके स्वागत के लिए प्रदेश कांग्रेस के कुछ पदाधिकारियों और सीमित संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी चर्चा का विषय रही।

# महाराष्ट्र-आंध्रप्रदेश तक पहुंचा मानसून

## मप्र-छत्तीसगढ़ में देर से पहुंचेगा, केरलम में बारिश का रेड अलर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिली

तीन दिन की देरी के बाद मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। शनिवार को यह आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम और मणिपुर पहुंच गया। इससे पहले यह केरलम, कर्नाटक, तमिलनाडु और गोवा में एंट्री कर चुका है।

केरलम के मलप्पुरम, कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड में बारिश का रेड अलर्ट जारी है। त्रिशूर में पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वायनाड और कासरगोड में स्कूल बंद हैं, जबकि ट्रेकिंग और पहाड़ी रास्तों पर रात की यात्रा पर रोक लगाई गई है। बिहार में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हुई। गुजरात को छोड़कर देशभर में प्री-मानसून गतिविधियां तेज हैं। राजस्थान, एमपी, यूपी, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश के कारण ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।



- आईएमडी के मुताबिक अगले तीन दिनों में मानसून पूर्वोत्तर के सभी राज्यों और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों तक पहुंच सकता है। अगले 10 दिनों में इसके बिहार, झारखंड और ओडिशा पहुंचने की संभावना है।
- स्काईमेट वेदर के एक्सपर्ट जीपी शर्मा के मुताबिक एमपी, छत्तीसगढ़, ओडिशा और बंगाल में मानसून की रफ्तार फिलहाल धीमी रह सकती है, क्योंकि इसे आगे बढ़ाने के लिए बंगाल की खाड़ी में कोई मजबूत मौसम सिस्टम एक्टिव नहीं है।
- शुक्रवार को रातभर हुई बारिश के कारण केरलम में कई इलाकों में पानी भर गया, कई जगह पेड़ उखड़ गए हैं।
- आईएमडी ने केरलम के 8 जिलों में आज लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया। यहां बारिश के साथ 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तूफान आने की आशंका है।
- तमिलनाडु के नीलगिरी, थेनी, डिंडीगुल और कोयंबटूर के घाट वाले इलाकों में 40-50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी-तूफान, बिजली और बहुत भारी बारिश होने की आशंका है।

### फसाई ने जारी की कड़ी चेतावनी

## अब अखबार में परोसा खाना तो होगी कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अगर आप भी सड़क किनारे ठेले या फूड स्टॉल पर अखबार में लिपटा हुआ गरमा-गरम वड़ा-पाव, समोसा, कचौड़ी या चाट बड़े चाव से खाते हैं, तो अब आपको अपनी यह आदत तुरंत बदलनी होगी। आपकी यह छोटी सी लापरवाही आपको किसी गंभीर बीमारी का शिकार बना सकती है।

इस मामले पर बड़ा संज्ञान लेते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने देश भर में सख्ती बरतनी शुरू कर दी है. एफएसएसएआई ने देश के सभी खाद्य विक्रेताओं, रेस्तरां मालिकों, स्ट्रीट फूड वेंडर्स और फूड बिजनेस ऑपरेटरों के लिए एक सख्त गाइडलाइन जारी की है, जिसके तहत खाने-पीने की चीजों को अखबार में पैक करने या उसमें परोसने पर तत्काल प्रभाव से पूरी तरह रोक लगा दी गई है। एफएसएसएआई का यह देशव्यापी सख्त फैसला हाल ही में मुंबई में हुई एक बड़ी और औचक कार्रवाई के बाद सामने आया है। दरअसल, मुंबई के एक बेहद लोकप्रिय वड़ा-पाव विक्रेता को खुलेआम ग्राहकों को अखबार में खाना परोसते और उसी में पार्सल पैक करते हुए पकड़ा गया था।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## उद्यानों को मालामाल किया जाए

एक समय था शहर के उद्यानों की गिनती बड़े शहरों के समान की जाती थी। उनमें लगाए जाने वाले पेड़-पौधों का स्तर पर भी उंचा था और उनकी सजावट भी आकर्षक हुआ करती थी। ईंटों की क्यारियों को इतने तरीके से बनाया जाता था कि देखने वाला देखता रह जाता था। मेहंदी की झाड़ियों से अनेकानेक आकृतियों को बना दिया जाता था। नए शहर के दशहरा मैदान एवं देवासरोड के उद्यानों में घंटों आम शहरी बैठा करता था। इनके सौंदर्य एवं हरियाली के साथ फव्वारे आकर्षण होते थे। शहर के बाहरी छोर के उद्यानों में शिप्रा तट एवं मक्सी रोड क्षेत्र का उद्यान भी अपने आपमें विशेषता लिए होते थे। मेले के दौरान परिवारों के साथ शिप्रा तट उद्यान में पहुंचकर परिवारजन यहां बैठकर भोजन प्रसादी ग्रहण करते थे। मक्सी रोड एवं शिप्रा तट उद्यानों में पिकनिक मनाने शहरवासी पहुंचते थे। इन उद्यानों में लगे फलदार वृक्षों पर बच्चे पत्थर मारकर फलों का स्वाद चखते और अपनी नैसर्गिकता से जुड़े रहते थे। पिछले दो दशक में उद्यानों में आधुनिकता का रंग निखर आया। बच्चों के लिए झुला-चकरी, फिसल पट्टी लगी और बड़ों के लिए नाश्ता-पानी की दुकानें। धीरे-धीरे ये आधुनिकता उद्यानों की नैसर्गिकता को खा गई और उद्यानों की जमीन सिमट गई। कहीं रोड को चौडा करने के कारण ऐसा हुआ तो कहीं पर दुकानों के निर्माण के कारण यह स्थिति बनी, लेकिन शहर की संस्था के खजाने को कोई विशेष आधार इससे नहीं मिल सका। अब शहर के सिमटे हुए उद्यानों को आधुनिकता की स्थिति में ही चलाया जा रहा है। वहां घास पर चलने के लिए उसे ढुंढना पड़ता है। उद्यानों की साज संभाल और रख रखाव मात्र कागजी स्थिति में ही उभरकर सामने आती दिखती है। शहर के मध्य में एक उद्यान विकसित किया गया और वह भी दांव पर लगा हुआ है। जंगल विभाग का उद्यान इतनी दूर है कि आम शहरी उससे दूर ही रहना पसंद करता है जाने वाले वर्दी की नजरों में रहते हैं उस पर भी टिकट का टंटा लगा हुआ है। खुसूर-फुसूर है कि बीती ताही बिसार दे आगे की सुधि ले। पुराने समय के उद्यानों जैसे हालात अब मुश्किल ही हैं। अब जो हाथ में सिमटे हुए उद्यान हैं उन्हें ही बेहतर रूप और आकर्षक संवारा जा सकता है। इसके लिए मानसून के दौरान वहां जमकर योजनाबद्ध रूप से कार्य करवाए जाना चाहिए। आधुनिकता को समेटकर पूरी तरह से हरियाली पर केंद्रित होकर योजनाओं को अमल में लाया जाना चाहिए। आधुनिक आकर्षण हो लेकिन उस पर पूरी तरह केंद्रित न रहा जाए उसे कम ही रखा जाए। ज्यादा से ज्यादा हरियाली और घास सहित अन्य आकर्षण इन उद्यानों में बनाया जाए। क्षेत्रीय स्तर पर समितियों को उद्यान देकर उनका विकास करवाया जाना चाहिए। जिससे आमजन को शुद्ध हवा मिल सके। उद्यानों की खाली जमीनों पर एक और जमीन में जल के पुर्नभरण की व्यवस्था भी सभी उद्यानों में हरियाली के साथ अंजाम दी जाना चाहिए जिससे पानी का अपव्यय भी रोका जा सकेगा और बरसात में उद्यान के पानी का जमीन में भी उतारा जा सकेगा। अभी तो कई उद्यानों का पानी नाली से बहकर नाले में और उसके बाद नदी में बह जाता है।




## न्यूज कॉलम

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प



**उज्जैन।** सामाजिक संस्था इजी. लीगल यूथ क्लब उज्जैन द्वारा आज दिनांक को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलब्ध में संस्था अध्यक्ष अमित उपाध्याय एडवोकेट के सान्निध्य में न्यायालय परिसर उज्जैन में फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया व विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संस्था द्वारा वर्षभर पौधारोपण व रोपित पौधों का संरक्षण किये जाने का संकल्प लिया। उक्त अवसर पर संस्था के संरक्षक अभिभाषक किरण जुनेजा, योगेश व्यास, संतोष अग्निहोत्री, प्रवीण मिश्रा, महेन्द्र सोलंकी, निलेश नायक उपस्थित रहे साथ ही प्रदीप कुमार झा, मोहन कुमावत, रजनीकांत तिवारी, राजेन्द्र साबू, आदि अधिवक्ता मौजूद थे। उक्त जानकारी प्रदीप कुमार झा के द्वारा प्रदान की गई।

### अपराह्न में अहमदाबाद से एंबुलेंस से उज्जैन लाया गया पार्थिव शरीर

# मंजूर का चेहरा देख पत्नी फरीदा ने मेहर माफ किया

## परिजन सदमें से स्तब्ध, विधवा मां की आंखें पथराई, बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल







दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ईरान के हमले का शिकार हुए उज्जैन निवासी मंजूर एहमद पिता अब्दुल समद रहमानी 50 वर्ष का शव शुक्रवार अपराह्न में उनके घर राज रायल एन्क्लेव लाया गया। इस दौरान घर पर काफिन ले जाने के पहले उसे खोला गया। परिवार की महिलाओं के बीच बैठी पत्नी फरीदा ने शौहर मंजूर का चेहरा देखा और फफक पड़ी। समाजजनों के अनुसार धर्मविधि में इसे मेहर माफ करने की प्रक्रिया कहा जाता है। पूरी जिंदगी परिजनों के भविष्य के लिए कुवैत में टेलरिंग करने वाले मंजूर का शव जब घर लाया गया। कुछ मिनटों के लिए परिजन उनका चेहरा देखते रहे और इस दौरान वे पूरे समय सदमे में और स्तब्ध ही रहे। इसके तुरंत बाद बड़ी संख्या में समाजजनों की उपस्थिति में शव यात्रा निकाली गई। बेगमबाग कब्रस्तान में उनका अंतिम संस्कार मुस्लिम धर्म विधि से किया गया।

गुरूवार-शुक्रवार देर रात मृतक मंजूर का शव अहमदाबाद एयरपोर्ट पहुंचा था। उसके पूर्व उज्जैन से उनका साला मोहम्मद ईस्माइल एवं अन्य दो लोग एंबुलेंस के साथ वहां पहुंच चुके थे। वहां शव के पहुंचते ही प्रक्रियाओं को पूर्ण किया गया। उनके अनुसार प्रक्रियाओं में थोड़ा समय लगा। शव सुपुर्दगी में लेकर हम रवाना हुए। सड़क मार्ग से शव को व्हाया नागदा होते हुए शुक्रवार अपराह्न में उज्जैन राज रायल एन्क्लेव लाया गया। मंजूर के अंतिम दर्शन के लिए विधवा मां शमीमबानो, पत्नी फरीदा बी, बेटियां सबा परवीन एवं सना परवीन के साथ बेटा मोहम्मद अनस और परिजन रिश्तेदार पहले से ही मौजूद थे। शव को एंबुलेंस से उतारकर घर में ले जाया गया और चंद मिनटों बाद ही शवयात्रा निकाली गई।

### कुवैत की दुकान मालिक का सहयोग मिला

मंजूर के रिश्ते के भाई मुन्नवर हुसैन रहमानी के अनुसार शव को कुवैत से अहमदाबाद भेजने में मंजूर के कुवैती स्पांसर मलंग अल जैद नामक शाप के मालिक जावेद का पुरा सहयोग रहा है उन्होंने आर्थिक रूप से भी इसमें सहयोग किया। घर से उठे जनाजे में कालोनी के रहवासी, रिश्तेदार एवं परिजन बडी संख्या में शामिल हुए । करीब 100 मीटर दूर तक जनाजे को सभी ने अपने कंधों पर कुछ कुछ देर उठाया उसके बाद करीब 4 किलोमीटर दूर कब्रस्तान ले जाने के लिए वाहन में सवा किया गया।

### मित्र बोला अप्रैल में टिकिट महंगा होने से मना किया

मंजूर के जनाजे में शामिल होने उनका कुवैत का उज्जैन के हम्माल वाडी निवासी साथी मोहम्मद हनीफ कुरैशी भी पहुंचा था। कुवैत में परफ्यूम का व्यवसाय करने वाले हनीफ के अनुसार कुवैत में हमारी तकरीबन रोज ही मुलाकात होती थी। उज्जैन का होने के नाते उनका मेरे साथ लगाव था। बिगड़ते हालातों के चलते अप्रैल में जब मैं कुवैत से उज्जैन आ रहा था तो उनसे चलने का कहा था लेकिन उस दौरान एयर टिकिट बहुत ज्यादा महंगे होने से मंजूर भाई ने मना कर दिया था। उसके बाद मैं उज्जैन आ गया था। इस बीच हमारी दो-चार बार बातचीत हुई। मंजूर भाई के साथ हुए दुःखद घटनाक्रम की जानकारी मिलने पर स्तब्ध रह गया। उनके परिजनों से भी बराबर मुलाकात होती रही है।

### प्रशासन से कोई नहीं पहुंचा

शव लाए जाने के बाद परिजन फिरोज पठान ने बताया कि महिलाओं में चेहरा दिखाने की प्रक्रिया एवं मेहर माफ करने की प्रक्रिया के बाद जनाजा उठाया जाएगा। उसके उपरांत नलिया बाखल मस्जिद में नमाजे जनाजा की जाएगी। वहां से बेगमबाग कब्रस्तान में उन्हें सुपुर्दे खाक किया जाएगा। उनका कहना था कि 48 घंटे से अधिक का समय हो चुका है अभी तक पीड़ित परिवार से मिलने कोई प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचा है। हमने एंबुलेंस भी 27 हजार में खुद ही की। नेता प्रतिपक्ष रविराय ने कलेक्टर से बात की थी उन्होंने बाद में सहायता का आश्वासन दिया है। अभी तक पिडित परिवार को कोई आर्थिक सहायता भी नहीं दी गई है। दुर्घटना में उनके दस्तावेज भी नष्ट हुए हैं। गरीब परिवार के लिए प्रशासन अगर मदद नहीं उपलब्ध करवा सकता तो हम चंदा कर पिडित परिवार को सहायता करेंगे। हम चाहते तो आंदोलन कर अपनी बात रखते लेकिन हमारा कहना है कि प्रशासन को संवेदनशीलता का परिचय देना चाहिए।

### श्री महाकालेशवर मन्दिर के त्रिनेत्र प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय ई गवर्नेंस पुरुस्कार मिला

# महाकाल मंदिर में भीड़ प्रबंधन एवं सुरक्षा का अस्त्र बना त्रिनेत्र

स्मार्ट सिटी ने इसे कंट्रोल रूम में स्थापित किया, तत्काल कंट्रोल का आगाह करता है हर मुद्दे से

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर त्रिनेत्र एआई बेस्ड वीडियो सर्विलेंस सिस्टम को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 के लिए चयनित किया गया है। इसके तहत मंदिर में भीड प्रबंधन एवं सुरक्षा को अंजाम दिया जा रहा है। यह परियोजना महाकाल रुद्रसागर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट एरिया तथा श्री महाकालेशवर मन्दिर की सुरक्षा और निगरानी के लिए विकसित की गई है। स्मार्ट सिटी ने इसे मंदिर के कंट्रोल रूम में स्थापित किया है।



यह परियोजना श्री महाकालेशवर मन्दिर द्वारा संचालित की जा रही है। यह एक अति महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट था जिसमें मंदिर परिसर का सुरक्षा व्यवस्था के साथ एआई को जोड़कर आधुनिक सुरक्षा व्यवस्थाओं को बनाने के प्रयास किए गए हैं। पुरस्कार के चयन के पूर्व केंद्र सरकार के दल ने उज्जैन आकर इस प्रोजेक्ट का निरीक्षण भी किया था। 13 सदस्य ज्यूरी के समक्ष इस प्रोजेक्ट का प्रजेंटेशन भी दिया था, तदुपरांत इस प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय स्तर पर पुरुस्कार के लिए चयन किया गया।

- **ऐसे काम करता है 500 कैमरों के सहारे-** त्रिनेत्र एक अत्याधुनिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित वीडियो सर्विलांस प्रणाली है, जिसमें उन्नत फेसियल रिकॉग्निशन, वाहन नंबर प्लेट पहचान, रियल-टाइम वीडियो एनालिटिक्स और भीड़ प्रबंधन जैसी सुविधाएं शामिल हैं। यह प्रणाली मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों की 24 घंटे निगरानी कर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाती है। उज्जैन स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत स्थापित इस निगरानी नेटवर्क में 500 से अधिक अक्र-सक्षम कैमरे लगाए गए हैं, जो संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करने, भीड़ नियंत्रण और जांच प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाने में सहायता करते हैं।
- **29 वें राष्ट्रीय सम्मेलन में मिलेगा पुरस्कार-** केंद्र सरकार द्वारा घोषित राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 में त्रिनेत्र को देश की उत्कृष्ट डिजिटल और नागरिक-केंद्रित नवाचार परियोजनाओं में शामिल किया गया है। पुरस्कार वितरण समारोह 29 वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन के दौरान दिया जाएगा। इस उपलब्धि से न केवल श्री महाकाल मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है, बल्कि उज्जैन को स्मार्ट और सुरक्षित धार्मिक नगरी के रूप में भी नई प्रतिष्ठा प्राप्त हुई है।
- **कलेक्टर बोलेः राजस्व 50 से 250 करोड पहुंचा-** मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जारी विडियो बयान में कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के लगातार निर्देश रहते हैं किस प्रकार से गवर्नेंस जो है, वह श्रद्धालुओं को ध्यान में रख कर किया जाए, जो यूजर्स हैं उनको ध्यान में रखकर किया जाए और उनकी आवश्यकताओं के हिसाब से हो, उसके प्रति यह बहुत ही अच्छा प्रयोग है। उज्जैन में जो महाकाल कॉरिडोर में त्रिनेत्र जो हमारा आई ट्रिपल सी जो सेंटर है, उसको राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार में गोल्ड अवार्ड से सराहा गया है।

# गायक कैलाश खेर महाकाल भस्म आरती में शामिल हुए

### बोले- महाकाल की कृपा से जन्मों के पाप धुल जाते हैं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में शुक्रवार तड़के प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर भगवान महाकाल के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने भस्म आरती में शामिल होकर ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर का आशीर्वाद लिया।

कैलाश खेर सुबह करीब 3 बजे मंदिर पहुंचे और नंदी हॉल में बैठकर भस्म आरती के दर्शन किए। इस दौरान वे भगवान महाकाल की भक्ति में लीन नजर आए। करीब दो घंटे तक आरती में शामिल रहने के बाद उन्होंने नंदी जी का पूजन-अभिषेक किया और नंदी के कान में अपनी मनोकामना कही।

इसके बाद उन्होंने चांदी द्वार से भगवान महाकाल को पुजारी के माध्यम से जल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आरती के पश्चात श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उनका स्वागत और सम्मान किया गया। इस अवसर पर कैलाश खेर ने कहा कि जो व्यक्ति महाकाल के दरबार में पहुंच जाता है, उसके जन्मों के पाप धुल जाते हैं। उन्होंने कहा कि महाकाल की भस्म आरती के दर्शन होना भगवान की विशेष कृपा का प्रतीक है।उन्होंने मंदिर समिति की व्यवस्थाओं की भी सराहना करते हुए कहा कि लाखों श्रद्धालुओं के दर्शन की व्यवस्था बहुत बेहतर ढंग से की जा रही है।

## खेल शिविर में विजेताओं को किया पुरस्कृत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग उज्जैन द्वारा आयोजित 1 माह ग्रीष्मकालीन खेल शिविर में योगा कनक श्रृंगा एवं स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा सहभागिता की गई थी। जिसमें संस्था द्वारा संस्था के बच्चों की योगा, मल्लखंब, रनिंग एवं सूर्यनमस्कार प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विजेता बच्चों को मुख्य अतिथि आनंद खिचीं, (भाजपा नगर महामंत्री), जगदीश परमार, विजय चौहान (दौलतगंज मंडल अध्यक्ष), इंद्रमणि (माधवनगर मंडल उपाध्यक्ष), नवीन हँसवाल (सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर), दिप्तेश लोधी, संस्था के सचिव व कोच संतोष सोलंकी, संस्था उपाध्यक्ष सपना माली द्वारा बच्चों को मेडल पहनाकर शुभकामनाएं दी।



प्रतियोगिता विभिन्न वर्गों में आयोजित की गई थी। जिसमें योगा प्रतियोगिता में खुशी जायसवाल, लक्ष्य द्रोणावत, वैष्णवी बारोड, मंथन टाटावत, क्रिस्टी परमार विजेता रहे। रोप मल्लखंब प्रतियोगिता में आरोही बारोड़, नव्याश्री चावड़ा, गौरव बागले, पर्व साहू विजेता रहे। सूर्यनमस्कार प्रतियोगिता में शिवन्या चावड़ा, वेदांश कोठार, आरोही जायसवाल विजेता रहे। रनिंग प्रतियोगिता में भावेश लोधी, परिधि राठौड़, नंदनी विश्वकर्मा विजेता रहे।

## मंगलनाथ मंदिर समिति को 3 लाख से अधिक की राशि प्राप्त

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मंगलनाथ मंदिर समिति को मंगलवार को श्रद्धालु द्वारा भात पूजन, दर्शन के लिए रसीद के माध्यम से 3 लाख 63 हजार की राशि प्राप्त हुई है। इस संबंध में मंदिर प्रशासक केके पाठक ने बताया कि श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन पूजन करने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा व्यवस्था बनाई गई है।

व्यवस्था के अनुसार भात पूजन के लिए रसीद काउंटर और ऑनलाइन व्यवस्था जारी है। इसके माध्यम से मंगलवार को समिति को 3 लाख 63 हजार की राशि भेंट स्वरूप प्राप्त हुई है और महिला मंडल द्वारा व्हीलचेयर भी समिति को प्रदान किए गए हैं जिससे दिव्यांग, बुजुर्ग, श्रद्धालुओं को दर्शन में सुविधा हो सके।



यह उल्लेखनीय है कि भात पूजनों की कंप्यूटरीकृत/मैन्युअल शासकीय 1750 रसीदें मंगलनाथ मंदिर प्रबंध समिति के कर्मचारियों द्वारा बनाई गई। प्रशासक द्वारा यह बताया गया कि कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के सक्षम नेतृत्व में श्री मंगलनाथ मंदिर प्रबंध समिति के कुशल मार्गदर्शन में इन रसीदों से मंदिर समिति को 2 मई माह के प्रथम मंगलवार को कंप्यूटरीकृत/मेन्यूअल शासकीय रसीदें काटी गई। इन रसीदों से राशि रुपए 3,63,000/- की आय मंदिर समिति को प्राप्त हुई।

यह भी बताया गया कि मंदिर पर दर्शन के लिए आने वाले दिव्यांग/असहाय श्रद्धालुगणों हेतु श्री माहेश्वरी मेवाड़ा पंचायत महिला मंडल उज्जैन द्वारा पुरषोत्तम मास के अंतर्गत संस्था की अध्यक्ष संध्या हेड़ा तथा सचिव वंदना जैथलिया, मनोरमा दिनेश माहेश्वरी एवं माहेश्वरी समाज की अन्य सदस्य महिलाओं की उपस्थिति में मंदिर पर दर्शन हेतु आने वाले दिव्यांग एवं असहाय श्रद्धालुगणों के लिए दो व्हील चेयर मंदिर समिति को भेंट की गई। पुराण और अन्य ग्रंथों में वर्णित विवरण अनुसार शिप्रा तट स्थित मंगलग्रह की उत्पत्ति स्थान भगवान श्री मंगलनाथ जी के मंदिर उज्जैन पर प्रदेश ही नहीं, अपितु देश-विदेश से नित्य की प्रातः काल की आरती पश्चात 7 बजे से निर्धारित समय-सीमा दोपहर पश्चात 3:30 बजे तक सतत रूप से भात पूजन एवं अन्य पूजन कराने के लिए आने वाले यजमानों का सतत रूप से आगमन होता रहा।

### निगम आयुक्त ने किया महाकाल पार्किंग से चौबीस खंबा और हरसिद्धि पाल से रामघाट मार्ग का निरीक्षण

# सिंहस्थ 2028 के लिए बन रहे नए मार्गों के काम में तेजी लाने के निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 में महाकाल मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन व्यवस्था बनाने हेतु नए मार्गों का निर्माण किया जा रहा है। इन कार्यों की प्रगति जानने के लिए नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने शुक्रवार को स्थल निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में महाकाल पार्किंग से चौबीस खंबा मार्ग तक 360 मीटर लंबा और 24 मीटर चौड़ा मार्ग कहारवाड़ी तक बनाया जा रहा है। आयुक्त ने बताया कि मार्ग के दोनों ओर 500 एमएम की रिटर्निंग वॉल तैयार की जा रही है।



कहारवाड़ी क्षेत्र के कॉर्नर पर भवन और होटल हटाने का काम पूरा किया गया है। हेरिटेज होटल के सामने 21 मीटर लंबी राफ्ट फाउंडेशन का काम पूर्ण हो चुका है, जबकि मार्ग के दोनों तरफ 12-12 मीटर में राफ्ट का काम जारी है।

आयुक्त मिश्रा ने रिटर्निंग वॉल की कास्टिंग जल्द पूरी करने और 30 जून तक पीक्यूसी सड़क निर्माण में तेजी लाने के लिए ठेकेदार को संसाधन और श्रमिक बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट भी मौजूद रहे।

### हरसिद्धि पाल से रामघाट मार्ग चौड़ीकरण

निगम आयुक्त ने हरसिद्धि पाल से रामघाट मार्ग चौड़ीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के साथ काम जल्द और गुणवत्तापूर्वक पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान सहायक यंत्री निर्झर शुक्ला, कंसल्टेंट और संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे।

नं.1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



## न्यूज़ ब्रीफ

### इंदौर में बच्ची के साथ गलत हरकत, लोगों में आक्रोश

**इंदौर।** इंदौर में शुक्रवार रात लोगों ने गोम्मटगिरि चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। थाना क्षेत्र में 11 वर्षीय बच्ची के साथ हुई घटना के बाद पुलिस ने छेड़छाड़ की धारा में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं, बच्ची के परिजनों और स्थानीय लोगों का आरोप था कि बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है, लेकिन पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज नहीं किया और न ही उसका मेडिकल परीक्षण कराया। उनका यह भी कहना था कि घटना में अन्य आरोपी भी शामिल हैं। इसी को लेकर लोगों में आक्रोश था। प्रदर्शन के दौरान बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार भी मौके पर पहुंचे। गांधीनगर एसीपी निधि सक्सेना ने बताया कि मामला गांधीनगर थाना क्षेत्र का है। गुरुवार को 11 वर्षीय बच्ची ने थाने में छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई थी।

### अभि तोमर हत्याकांड में मुख्य शूटर डिल्लू लहारिया गिरफ्तार

इंदौर के लसूड़िया क्षेत्र में हुए अभि तोमर हत्याकांड में पुलिस ने फरार आरोपी डिल्लू उर्फ चंदन उर्फ चंद्रकांत लहारिया को आधिकारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार अभि तोमर को गोली डिल्लू ने अपनी रायफल से मारी थी। गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने भिंड में एक पुराने मामले में सरेंडर करने की कोशिश की थी, लेकिन वहां की पुलिस ने उसे इंदौर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के मुताबिक इंदौर लाए जाने के दौरान भागने की कोशिश में डिल्लू गिर गया, जिससे उसके हाथ-पैर में गंभीर चोट आई और फ्रैक्चर हो गया। गुलाब बाग कॉलोनी में हुए इस हत्याकांड के बाद मुख्य आरोपी गुलशन यादव, गौरव जाटव और डिल्लू लहारिया की तलाश के लिए एसआईटी गठित की गई थी। पुलिस ने आरोपी डिल्लू की मदद करने के आरोप में उसके पिता राजेंद्र लहारिया और पत्नी प्रीति लहारिया को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### उपभोक्ता आयोग ने बस यात्री के पक्ष में दिया निर्णय

**इंदौर।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग क्रमांक-एक, इंदौर द्वारा परिवाद क्रमांक सी.सी./364/2021 में पारित आदेश के अनुसार परिवादी श्रीमती नुपुर चौधरी द्वारा इंदौर सिटी ट्रेवल्स के विरुद्ध प्रस्तुत परिवाद का निराकरण किया गया। प्रकरण में परिवादी की ओर से अधिवक्ता श्री सुरेश कांगा ने पैरवी की। प्रकरण के अनुसार परिवादी ने दिनांक 20 जनवरी 2021 को इंदौर से पुणे यात्रा हेतु बस टिकट आरक्षित कराया था। यात्रा के दौरान बस के शिरडी पहुँचने पर तकनीकी कारणों से बस आगे नहीं जा सकी, जिसके परिणामस्वरूप परिवादी को वैकल्पिक व्यवस्था के अभाव में अतिरिक्त राशि व्यय कर अन्य बस से पुणे की यात्रा पूर्ण करनी पड़ी। परिवादी द्वारा इसे सेवा में कमी बताते हुए आयोग के समक्ष परिवाद प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में प्रस्तुत अभिलेखों एवं साक्ष्यों के परीक्षण उपरांत आयोग ने पाया कि विपक्षी द्वारा यात्रियों के लिए पर्याप्त वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई गई तथा परिवादी को अतिरिक्त व्यय वहन करना पड़ा।

### अग्नि दुर्घटना से बचाव हेतु सुरक्षा व्यवस्था सुझाव आमंत्रित

**इंदौर।** औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मध्यप्रदेश इंदौर के संचालक द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 के अंतर्गत राज्य शासन द्वारा दुकान एवं स्थापनाओं में अग्नि सुरक्षा हेतु प्रारूप नियम प्रस्तावित किये है। इसके तहत किसी भी भवन को अग्नि दुर्घटना से बचाव हेतु समुचित सुरक्षा व्यवस्था रखना अनिवार्य है। समस्त नागरिकों को भी किसी भवन एवं स्थापन में प्रवेश करने के पूर्व ही उस भवन एवं स्थापन को अग्नि दुर्घटना से सुरक्षित है या नहीं यह जानकारी होना आवश्यक है। संचालक के अनुसार दुकान एवं स्थापनाओं में सामान्य अग्नि सुरक्षा आवश्यकताएं, आपातकालीन निकास और निकासी, विद्युत सुरक्षा, ज्वलनशील एवं परिसंकटमय पदार्थों का भण्डारण, प्रशिक्षण एवं उत्तरदायित्व अभिलेखों का रखरखाव एवं निरीक्षण तथा उच्च जोखिम वाले स्थापनाओं के लिए विशेष प्रावधान किये गये हैं। साथ ही भवन की फायर ऑडिट रिपोर्ट ऑनलाईन सार्वजनिक डोमेन में पोर्टल पर उपलब्ध होने की भी व्यवस्था की गई है। नागरिक उक्त प्रारूप नियम का विभागीय पोर्टल पर अवलोकन कर सकते हैं। यदि कोई नागरिक उक्त विषय पर सुझाव देना चाहते हैं तो ईमेल पर अपने सुझाव भेज सकते है, जिन पर एक सप्ताह की अवधि के अवसान उपरान्त विचार किया जाकर अन्तिम नियम प्रकाशित किये जायेंगे।

### आम, जामुन, सेतु, गुलमोहर के 16 दिन तक लगाएंगे पौधे

**उज्जैन।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पीएमश्री विद्यालय खामखेड़ा जत्रा में सभी तरह के आम, जामुन, सेतु, गुलमोहर, कदम, नीम आदि सभी प्रजाति के पौधे प्राचार्य कल्याण सिंह ठाकुर, वरिष्ठ शिक्षक विनोद धारवा, रामचंद्र मालवीय, अमन सितोलिया, गंगाराम चौहान, राजेश बड़वान, पप्पू लाल, मनोहर सिंह, विनोद और ग्रामीण जनप्रतिनिधि और विद्यार्थियों ने उपस्थित होकर विद्यालय प्रांगण में पौधे और उनकी जाली लगाई। साथ ही आगे हर दिन सभी पौधों को पानी देने व सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। विद्यालय में पूर्व से भी कई प्रकार के पौधे लगाए गए हैं, जिससे विद्यालय में बहुत अच्छी हरियाली बनी हुई है। स्कूल प्राचार्य कल्याण सिंह ठाकुर ने बताया कि 21 जून तक हर दिन विद्यालय में पौधे लगाए जाएंगे।

## सिंहस्थ-2028 से पहले बारहमासी होगी शिप्रा, इस मानसून पहली टेस्टिंग

# सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी प्रोजेक्ट का हुआ 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ-2028 के दौरान करोड़ों श्रद्धालुओं को शिप्रा नदी में शुद्ध और पर्याप्त जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाई जा रही सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है। जल संसाधन विभाग की इस महत्वाकांक्षी योजना का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और आगामी मानसून में इसकी पहली बड़ी तकनीकी टेस्टिंग की जाएगी। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री शुभम अग्रवाल ने बताया कि 445 करोड़ रुपये की इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य शिप्रा नदी को बारहमासी जल उपलब्ध कराना है।

इसके तहत सेवरखेड़ी में 5.5 मीटर ऊंचा और 100 मीटर लंबा बैराज लगभग तैयार हो चुका है। यहां एकत्रित बरसाती पानी को 5.5 किलोमीटर लंबी और 3000 मिमी व्यास की पाइप लाइन के माध्यम से सिलारखेड़ी पहुंचाया जाएगा। सिलारखेड़ी स्थित पुराने तालाब को बड़े जलाशय के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां 22 मीटर ऊंचा और 6.5 किलोमीटर लंबा बांध बनाया जा रहा है, जिसका लगभग 80 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। परियोजना के तहत जल संग्रहण क्षमता को 5 मिलियन क्यूबिक मीटर से बढ़ाकर 51 मिलियन क्यूबिक मीटर किया जा रहा है, जिससे वर्षभर पानी का भंडारण संभव हो सकेगा।

कार्यपालन यंत्री शुभम अग्रवाल के अनुसार आगामी मानसून में बैराज और बांध में



पानी भरकर उनकी क्षमता, संरचनात्मक मजबूती और कार्यप्रणाली का परीक्षण किया जाएगा। यह परियोजना के लिए महत्वपूर्ण चरण माना जा रहा है।

### मई 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य

परियोजना को मई 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दूसरे चरण में सिलारखेड़ी से त्रिवेणी घाट तक 6.30 किलोमीटर लंबी और 1300 मिमी व्यास की पाइपलाइन बिछाई जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर इसी पाइपलाइन के जरिए शिप्रा नदी में पानी छोड़ा जाएगा।




इस परियोजना का निर्माण कार्य ग्वालियर की करण डेवलपर्स कंपनी द्वारा किया जा रहा है। मौके पर कार्यपालन यंत्री शुभम अग्रवाल और एसडीओ योगेश सेवक की टीम निगरानी कर रही है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 13 जनवरी 2025 को इस परियोजना का भूमिपूजन किया था। जल संसाधन विभाग का मानना है कि सिंहस्थ-2028 के लिए स्थायी जल व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# रिटायमेंट के दो साल बाद भी पेंशन के लिए तरसे

## 64 वर्ष की उम्र मे कर्मचारी ऑटो चलाने को मजबूर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के स्थापना विभाग का बड़ा करनामा सामने आया है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हरीश महाने को 31 जुलाई 2024 को सेवानिवृत किया गया था, सेवानिवृत हुए लगभग दो वर्ष हो गये है, परन्तु आज तक पेंशन ग्रेजुएटी का भुगतान नही हुआ है।

स्थापना विभाग द्वारा उनसे कहा गया की आपकी जन्मतिथी का दस्तावेज नही है इस कारण पात्र होते हुए भी आपको पेंशन और ग्रेजुएटी की राशि नही मिलेगी कर्मचारी द्वारा द्वारा 11वी अंकसूची जमा किये 6 माह से अधिक हो गये आज तक पेंशन और ग्रेजुएटी नही दी गई है।




### अनावश्यक टीप लगाकर रोका

अंकेक्षण विभाग द्वारा उनके सेवा संबंधी दस्तावेज मांगने पर स्थापना विभाग द्वारा फाइल पर स्थापना विभाग मे कोई दस्तावेज उपलब्ध नही होने विषयक टीप लिखकर भेज दी इसी प्रकार सेवानिवृत शिक्षक आनंदकर के प्रकरण को भी अनावश्यक टीप लगाकर रोका गया था। उनके द्वारा पी. एम. ओ.और माननीय राष्ट्रपति के यहां शिकायत करने पर पेंशन और ग्रेजुएटी का भुगतान किया गया। विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ उक्त पीड़ित कर्मचारी और उनके परिजनों को लेकर मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री , सांसद और सभी विधायकों के समक्ष स्थापना विभाग के दोषी अधिकारियो पर कठोर कार्यवाही कर अन्यत्र स्थानांतरण करने की मांग करेगा।

### परिजनों को आज तक ग्रेजुएटी राशि प्रदान नही की गईं

मजबूरी मे कर्मचारी 64 वर्ष की उम्र मे ऑटो चलाकर परिवार का पेट पालने को मजबूर, इसी प्रकार विश्वविद्यालय स्थापना विभाग मे लगभग 30 सेवानिवृत और दिवंगत कर्मचारीयों के पेंशन, ग्रेजुएटी, के प्रकरण स्थापना विभाग की लेटलतीफी के शिकार होकर परेशान हो रहे है। स्व. विकाश सिरसाठ, स्व. राजेश श्रीवास्तव, स्व. अर्जुन पटेल का 2022 मे निधन हुआ था जिनके परिजनों को आज तक ग्रेजुएटी राशि प्रदान नही की गईं, स्व. अतुल भारद्वाज के 2023 मे निधन उपरांत एवं महेंद्र जायसवाल के सेवानिवृत उपरांत आज दिनांक तक ग्रेजुएटी प्रदान नही की गईं।

## मध्यप्रदेश की ई-नगर पालिका परियोजना को मिला प्रतिष्ठित राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश ने डिजिटल सुशासन, ई-गवर्नेंस, साइबर सुरक्षा तथा नागरिक सेवाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व नवाचार किए हैं। यह राष्ट्रीय पुरस्कार मध्यप्रदेश द्वारा उत्कृष्ट नागरिक सेवाओं के वितरण और तकनीकी सुधारों की दिशा में किए गए निरंतर प्रयासों की राष्ट्रीय स्तर पर हुई सराहना का एक गौरवशाली प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया मिशन को मध्यप्रदेश पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रभावी रूप से आगे बढ़ा रहा है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग नागरिकों को उत्कृष्ट, सरल एवं पारदर्शी डिजिटल सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर कार्यरत है और साथ ही साइबर सुरक्षा एवं डेटा संरक्षण के प्रति भी समान रूप से संवेदनशील है।

## इंदोख मल्टी विलेज योजना ने पकड़ी रफ्तार

# 30 जून तक 231 गांवों के हर घर में पहुंचेगा नल से जल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

जिले के ग्रामीणों के लिए राहत की खबर है। जल जीवन मिशन के तहत जल निगम की इंदोख मल्टी विलेज जलप्रदाय योजना ने रफ्तार पकड़ ली है। 30 जून 2026 तक जिले के सभी 231 गांवों में हर घर नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

जल निगम के महाप्रबंधक घनश्याम उपाध्याय ने बताया कि समूह जलप्रदाय योजना के तहत पिछले 6-7 महीने से लगातार काम चल रहा है। अब तक 125 गांवों में नलों से शुद्ध पेयजल सप्लाई शुरू हो चुकी है। इन गांवों के ग्रामीणों को रोज नियमित पानी मिलने लगा है, जिससे गर्मी में जल संकट से बड़ी राहत मिली है। जल निगम के महाप्रबंधक उपाध्याय के अनुसार बाकी बचे गांवों में भी तेजी से काम चल रहा है। फिजिकल वर्क लगभग पूरा हो चुका है और अंतिम चरण के कनेक्शन जोड़े जा रहे हैं। प्रशासन का दावा है कि 30 जून तक सभी 231 गांवों को योजना से जोड़कर 100% कवरेज पूरा कर लिया जाएगा।



### क्या है इंदोख मल्टी विलेज प्रोजेक्ट?

यह मध्य प्रदेश जल निगम की प्रमुख योजना है, जिसका मकसद सरफेस सोर्स से ग्रामीण घरों तक पाइप्ड वॉटर सप्लाई पहुंचाना है। प्रोजेक्ट में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, ओवरहेड टैंक और गांव-गांव तक पाइपलाइन बिछाने का काम शामिल है। खास बात ये कि सिर्फ निर्माण ही नहीं, अगले 10 साल तक योजना के रख-रखाव की जिम्मेदारी भी जल निगम की है।

**क्यों अहम है ये योजना?-** ग्रामीण इलाकों में हर साल गर्मी में होने वाली पानी की किल्लत दूर होगी। ट्रीटमेंट प्लांट से छना हुआ पानी सीधे घरों तक पहुंचेगा, बीमारियों से बचाव होगा।

# 12 दिनों में 21 लाख ने किए महाकाल दर्शन

## नौतपा और भीषण गर्मी के बावजूद उमड़ी आस्था, जून में रोज 1 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच रहे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में 20 मई से 31 मई के बीच 12 दिनों में 21.15 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने भगवान महाकाल के दर्शन किए। इस दौरान शनिवार और रविवार को सबसे ज्यादा भीड़ दर्ज की गई। यह वक्त नौतपा का भी रहा था। मंदिर प्रशासन के अनुसार, 12 दिनों में कुल 21,15,543 श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। अधिकांश दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या डेढ़ लाख से अधिक रही। सबसे अधिक भीड़ रविवार 24 मई को रही, जब 2,46,776 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। वहीं सोमवार 25 मई को 1,96,480 और शनिवार 23 मई को 1,95,106 भक्त मंदिर पहुंचे। इधर, जून के पहले हफ्ते में भी करीब 1 लाख से ज्यादा भक्त आ रहे है।

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने दर्शन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं। प्रमुख मार्गों पर शेड, मैटिंग और पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही गर्मी से राहत देने के लिए मंदिर परिसर और दर्शन मार्गों पर मिस्ट सिस्टम तथा हीट-प्रूफ पाथ तैयार किए गए हैं।





### कलेक्टर ने भी परखी व्यवस्थाएं

कुछ दिन पहले उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक के साथ आम श्रद्धालु की तरह कतार में लगकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया था। उन्होंने श्रद्धालुओं से बातचीत कर सुविधाओं और व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी भी ली।

### 1200 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी

सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के लिए कंट्रोल रूम से करीब 1200 सीसीटीवी कैमरों के जरिए 24 घंटे निगरानी की जा रही है। किसी भी आपात स्थिति या अव्यवस्था की सूचना मिलने पर संबंधित टीम को तुरंत अलर्ट कर कार्रवाई की जाती है। मंदिर परिसर में मेडिकल टीम और सुरक्षाकर्मी भी लगातार तैनात हैं।

# संकट के बीच इंदौर नगर निगम को लगा दोहरा झटका

## 50 करोड़ की मांग अधूरी, चुंगी क्षतिपूर्ति से भी कटे 30 करोड़

### विकास कार्य प्रभावित होने की आशंका

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

भीषण जल संकट से जूझ रहे इंदौर नगर निगम को राज्य सरकार से अपेक्षित आर्थिक सहायता नहीं मिलने से निगम की वित्तीय स्थिति पर दबाव बढ़ गया है। पानी की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम द्वारा मांगे गए 50 करोड़ रुपये अब तक स्वीकृत नहीं हुए हैं, वहीं चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि में से भी 30 करोड़ रुपये की कटौती कर दी गई है। शहर में जल संकट की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्रदेश के अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने इंदौर पहुंचकर अधिकारियों और



जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की थी। इस दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने जल संकट से निपटने के लिए नगर निगम को एकमुश्त 50 करोड़ रुपये देने की मांग रखी थी। बाद में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा ली गई समीक्षा बैठक में भी यह मांग दोहराई गई थी। मुख्यमंत्री ने उस समय आश्वस्त किया था कि संसाधनों की कमी नहीं आने दी जाएगी, लेकिन अब तक निगम को कोई अतिरिक्त राशि प्राप्त नहीं हुई है। नगर निगम को प्रतिमाह लगभग 45 करोड़ रुपये चुंगी क्षतिपूर्ति के रूप में मिलते हैं। इसमें से नर्मदा परियोजना के बिजली बिल की राशि समायोजित करने के बाद इस माह निगम को केवल 15 करोड़ रुपये ही प्राप्त हुए हैं। यानी सरकार ने चुंगी क्षतिपूर्ति में से 30 करोड़ रुपये काट लिए हैं।

### टैंकर और बोरिंग के भुगतान पर संकट

जल संकट से निपटने के लिए नगर निगम द्वारा बड़ी संख्या में टैंकर लगाए गए हैं तथा बोरिंग मोटरों की मरम्मत सहित अन्य व्यवस्थाओं पर भी खर्च किया गया है। इन कार्यों के एवज में ठेकेदारों के करोड़ों रुपये बकाया हैं। निगम को उम्मीद थी कि राज्य सरकार से 50 करोड़ रुपये की सहायता मिलने पर इन भुगतानों का कुछ हिस्सा जारी किया जा सकेगा, लेकिन सहायता राशि नहीं मिलने से स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो गई है।

### विकास कार्यों पर पड़ सकता है असर

जल संकट और आर्थिक दबाव के बीच नगर निगम के सामने एक ओर नागरिकों को पानी उपलब्ध कराने की चुनौती है, वहीं दूसरी ओर विकास कार्यों की गति बनाए रखने की जिम्मेदारी भी है। ऐसे में निगम की नजर अब राज्य सरकार से मिलने वाली संभावित आर्थिक सहायता पर टिकी हुई है।

### नगर निगम के प्रभारी राजस्व विभाग का बयान

यदि पैसा नहीं होगा तो शहर का विकास अवरुद्ध होगा। हम राज्य सरकार से केवल इतना निवेदन कर सकते हैं कि नगर निगम को जल्द से जल्द राशि रिलीज की जाए, ताकि शहर के विकास कार्यों में कोई कमी न आए।

**निरंजन सिंह चौहान,**
**प्रभारी राजस्व विभाग,**
**इंदौर नगर निगम**

### मानसून के पहले खतरनाक मकानों को तोड़ने का काम शुरू

**इंदौर।** इंदौर में अब नगर निगम खतरनाक मकानों को तोड़ने का काम शुरू कर चुका है। बारिश में खतरनाक मकान हादसों की वजह बनते हैं और लोगों की जानें जाती हैं। इस बार ऐसा न हो, इसके लिए नगर निगम के अफसर अभी से मकानों को तोड़ने का काम शुरू कर चुके हैं। नगर निगम की खतरनाक भवनों की सूची में डेढ़ सौ से ज्यादा मकान शामिल हैं, लेकिन ज्यादातर मामले कोर्ट में होने की वजह से उन्हें तोड़ने में नगर निगम को परेशानी आती है। शनिवार सुबह रिमूवल गैंग मुकेरीपुरा पहुंची। यहां मस्जिद के पास बने मकान को जेसीबी की मदद से तोड़ने का काम शुरू किया गया। मकान के ज्यादातर हिस्से जर्जर थे, उन्हें हटाने में ज्यादा परेशानी नहीं आई।

# ज्ञानी होने का मतलब



मुझसे पूछा गया है कि क्या ज्ञानी कभी पाप कर सकता है? असल में, अज्ञानी ज्ञानी को जब देखता है, तो उसे उसके शरीर से एकरूप मान लेता है। चूंकि वह आत्मा को नहीं जानता और शरीर को ही आत्मा मानता है, तो वह अपनी भूल का ज्ञानी पर भी आरोप करता है। इस तरह वह ज्ञानी को भौतिक आकार मान लेता है। अज्ञानी कर्ता न होने पर भी स्वयं को कर्ता मानता है, अर्थात शरीर की चेष्टाओं को अपने कर्म मानता है। इसी तरह, वह ज्ञानी के शरीर को कर्म करते देख उसे कर्ता मानता है, पर ज्ञानी सत्य जानता है और भ्रम में नहीं पड़ता। ज्ञानी की अवस्था का निर्णय अज्ञानी नहीं कर सकता, अतः यह प्रश्न केवल अज्ञानी को सताता है, ज्ञानी के लिए यह प्रश्न उठता ही नहीं। ज्ञानी व्यक्ति की विशेषता यह होती है कि वह किसी को अज्ञानी नहीं मानता। उसकी दृष्टि में सभी ज्ञानी हैं। अज्ञान दशा में मनुष्य अपने अज्ञान का आरोप ज्ञानी पर करता है और उसे कर्ता समझता है। ज्ञान दशा में ज्ञानी आत्मा से भिन्न किसी वस्तु को नहीं देखता। आत्मा पूर्ण प्रकाशमय और शुद्ध ज्ञानमय है, इसलिए ज्ञानी की दृष्टि में अज्ञान है ही नहीं। इस प्रकार के आरोप को समझाने के लिए एक दृष्टांत दिया जाता है। दो मित्र पास-पास सो गए। उनमें से एक ने स्वप्न में देखा कि वे दोनों लंबी यात्रा पर निकले हैं और दोनों को विचित्र अनुभव हुए हैं। जगने पर उसने इन घटनाओं को सुनाकर मित्र से पूछा कि क्या यह सही है? दूसरे ने उसका उपहास करते हुए कहा, वह स्वप्न केवल उसी का था, जो दूसरे किसी को प्रभावित नहीं कर सकता। इसी प्रकार अज्ञानी अपने भ्रमपूर्ण विचारों को दूसरों पर आरोपित करता है।

**सम्पादकीय**

## आर्थिक चिंता का समय

विदेशी पूंजी को आकर्षित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार द्वारा शुक्रवार को एक साथ किए गए उपाय सराहनीय हैं। इन उपायों से तीन लाभ होंगे- विदेशी निवेश का पलायन थमेगा, स्थानीय ऋण बाजार को मजबूती मिलेगी और रुपये की स्थिति सुधरेगी। वैश्विक अनिश्चितता के इस समय में रिजर्व बैंक को ऐसे तमाम उपाय करने ही चाहिए, जिनसे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। ध्यान देने की बात है, अभी भी भारतीय अर्थव्यवस्था ने विदेशी निवेश के लिए अपने रास्तों को उस तरह से नहीं खोला है, जैसे दक्षिण कोरिया और ताइवान जैसे देश कर रहे हैं। तथ्य है, इन छोटे देशों के शेयर बाजार का मूल्य भारतीय शेयर बाजार से ज्यादा हो गया है। भारतीय शेयर बाजार का मूल्य दो साल पहले दुनिया में तीसरे स्थान पर पहुंचने लगा था, मगर अब गिरकर सातवें स्थान पर आ गया है। सबसे मूल्यवान अमेरिकी शेयर बाजार 80 ट्रिलियन डॉलर के करीब है, तो 16 ट्रिलियन डॉलर के साथ चीनी शेयर बाजार दूसरे स्थान पर है, जबकि भारतीय शेयर बाजार का मूल्य पांच ट्रिलियन से भी नीचे आ गया है। ऐसे में, शेयर बाजार में निवेश की गिरावट को रोकना बहुत जरूरी हो गया है।

विदेशी निवेशकों की ताकत को बढ़ाया गया है। उन्हें ज्यादा कर सुविधा के साथ ही शेयर बाजार में अधिक पहुंच की सुविधा दी गई है। सॉवरेन बॉन्ड में निवेश पर कर छूट, विदेशी निवेशकों के लिए निवेश प्रतिबंधों में ढील और विदेशियों के लिए शेयर निवेश सीमा में वृद्धि से निश्चित ही भारतीय निवेश में बढ़ोतरी होगी। इन उपायों से विदेशी निवेशकों का फायदा बढ़ेगा,पर यह जोखिम भारत को उठाना ही पड़ेगा। हमें व्यापकता में सोचना होगा कि हम अपने देश में निवेश बढ़ाने के लिए क्या ठोस उपाय कर रहे हैं? क्या हम भारत में व्यापार को और आसान बना सकते हैं? क्या हम अपनी पूंजी को विदेश जाने से रोक सकते हैं? वास्तव में, देश के विकास को तेज करने के लिए ऐसा करना ही होगा। अच्छी बात है, शुक्रवार को रुपये का मूल्य अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पचास पैसे बढ़ा है। किसी भी स्थिति में कोशिश होनी चाहिए कि डॉलर के मुकाबले रुपया स्थिर रहे। आज एक बड़ी आशंका है कि एक डॉलर की कीमत 100 रुपये से ज्यादा न हो जाए। पेट्रोल की कीमत तो पहले ही 100 रुपये के पार चली गई है।

**सत्ता के अहंकार का अंत**

# पश्चिम बंगाल : ऐसा जन आक्रोश कभी नहीं देखा



डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया

देश का कोई भी नागरिक इस बात से सहमत नहीं हो सकता की जनता कानून को अपने हाथ में लेकर उन लोगों के साथ मारपीट करे जिसे वह दोषी मानती है लेकिन पश्चिम बंगाल में ऐसा हो रहा है। राज्य में जहां तृणमूल और उसके नेताओं की तूती बोलती थी वह आज जनता के आक्रोश से हलकान हैं। यह आक्रोश अकारण नहीं आया बल्कि टीएमसी शासन में जो संत्रास जनता ने झेला है उसका प्रतिफल सड़कों पर दिखाई दे रहा है। अभिषेक बनर्जी और कल्याण बनर्जी जैसे बड़े नेता और सांसदों की जो दुर्गति गुस्साए लोगों ने की वह कोई सामान्य बात नहीं है। हालांकि ऐसा कहा जा रहा है कि यह सब अभिषेक के गुर्गों का जनता की सहानुभूति बटोरने के लिए किया गया कृत्य है। लेकिन आक्रोश का ऐसा मंजर आज से पहले कहीं और कभी नहीं देखा गया। विगत 15 सालों में टीएमसी ने जो ज्यादतियां की उसका परिणाम आज सड़कों पर दिखाई दे रहा है। इन नेताओं ने न केवल अपने समर्थकों के माध्यम से जनता को मर्मान्तक पीड़ा दी बल्कि अपने बयानों से भी हिटलर शाही प्रदर्शित की। यही नहीं टीएमसी नेताओं ने जनता के ऊपर अत्याचारों की अनदेखी कर अपने समर्थक गुंडो के कृत्यों पर पर्दा डालने का काम किया जिसने आम लोगों को पीड़ा से भर दिया। ऐसा लगता है कि बंगाल की जनता इंतजार कर रही थी कि कब उसे मौका मिले और वह नेताओं को सबक सिखाए। इस आक्रोश की इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है कि ममता बनर्जी जो विपक्ष में अपने को सर्वोपरि नेता मानती थीं जिनका अहंकार सातवें आसमान पर था खुद 2021 में नंदीग्राम और अभी भवानीपुर से चुनाव हार गईं। इस हार को उनकी पार्टी के गुंडो का बंगाल में फैले आतंक का परिणाम कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। विगत 15 सालों में ममता और अभिषेक इतने शक्तिशाली हो गए थे कि कोई उनके बारे में गलती से भी कुछ कह नहीं सकता था। यह उनके बयान और आचरण में दिखाई देता है। चुनाव के दौरान उनके बयान इस बात की तस्दीक करते हैं कि इन दोनों नेताओं का अहंकार चरम पर था। अभिषेक बनर्जी ने तो सारी मर्यादाएँ खूंटी पर टांग दी थी। अभिषेक बनर्जी के साथ जो मारपीट हुई वह जनता के गुस्से का खुला इजहार था। इस बारे में महिलाओं का कहना है कि अभिषेक बनर्जी जिस व्यक्ति के मरने पर शोक प्रकट करने गए थे वह इलाके का बहुत बड़ा गुंडा था। उसने 20 से ज्यादा महिलाओं के साथ छेड़खानी की थी। यही नहीं महिलाओं ने यह भी कहा कि वह गांव की एक लड़की को भगा कर ले गया था और उसके साथ लंबे समय तक रहने के बाद भी शादी नहीं की। सच्चाई क्या है यह तो जांच का विषय है लेकिन यह बात स्पष्ट है कि अभिषेक ने जो गुंडे पाल रखे थे उन्हीं के दम पर उनकी राजनीति चल रही थी। बंगाल विधानसभा चुनाव में अभिषेक बनर्जी के डायमंड हार्बर मॉडल की बहुत चर्चा रही। अभिषेक डायमंड हार्बर से सांसद हैं। उन्होंने अपनी राजनीति को शिखर पर रखने और अपनी पार्टी में रुतबा कायम करने के लिए इस मॉडल को इजाद किया था। कहने को तो यह टीएमसी का एक विकास मॉडल था जो मुफ्त चिकित्सा, जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से जनता को सीधे लाभ पहुंचाने की बात करता है लेकिन इस चुनाव में इसका भंडाफोड़ जनता को ठगने आतंक का राज फैलाने और अवैध वसूली में जुटे लोगों के माफिया गिरोह के रूप में हुआ। यह केवल कपोल कल्पित नहीं बल्कि छन छन कर आ रही जानकारियां इसकी गवाह बन रही हैं। चुनाव के दौरान किस तरह जनता को केवल टीएमसी को वोट देने के लिए मजबूर किया जाता था यह इसी मॉडल का नमूना था। डायमंड हार्बर की एक विधानसभा फलता से अभिषेक का दाहिना हाथ जहांगीर चुनाव लड़ रहा था। उसके समर्थक गुंडो ने कई पोलिंग बूथ पर भाजपा प्रत्याशी के मतदान बटन पर टेप चिपका कर जनता को वोट देने से रोकने का अपराध किया। इसी तरह की कई सारी अनियमितताओं को देखते हुए ही चुनाव आयोग ने फलता विधानसभा का चुनाव रद्द कर दिया था जो पिछले सप्ताह संपन्न हुआ। अपनी हार सुनिश्चित देखकर जहांगीर ने मतदान के पहले घोषणा कर दी कि वह इस चुनाव से स्वयं को अलग कर रहा है। भाजपा का प्रत्याशी एक लाख से अधिक वोटो से जीता। चुनाव के दौरान वह और उसके कार्यकर्ता मतदाताओं को धमकी दे रहे थे कि यदि वह भाजपा को वोट देंगे तो उनकी खैर नहीं। इन धमकियों को देखते हुए आयोग द्वारा नियुक्त पुलिस पर्यवेक्षक अजय पाल शर्मा ने जहांगीर के घर जाकर चेतावनी दी कि मतदाताओं को जरा भी डराने धमकाने या गुंडागर्दी करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जहांगीर खान ने इसके जवाब में शेखी बघारते हुए कहा कि खेल तुमने शुरू किया लेकिन खत्म मैं करूंगा। पिक्चर अभी बाकी है। मैच शुरू हो गया है। आपको लगता है कि आप कुछ सीआरपीएफ जवानों के साथ तमाशा कर लोगे लेकिन अगर हम सब एक साथ आ गए तो तुम लोग हवा में उड़ जाओगे। मैं पुष्पा हूं जो डरता नहीं। यह हठधर्मी स्पष्ट करती है कि टीएमसी नेताओं का स्थानीय पुलिस और आम जनता पर कितना खौफ रहा होगा। यदि इस बार फिर टीएमसी विधानसभा चुनाव जीती होती तो पिछले 5 साल के बीच हुई 300 से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या का इतिहास और अधिक तीव्रता से दोहराया जाता। खुद अभिषेक का अहंकार भी हिमालय की चोटी पर था। जब उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह को धमकाते हुए चुनाव बाद बंगाल आने की धमकी दी थी। कहा था आप 4 मई को आना जब हम देखेंगे कि आप कितने बड़े गुंडे हैं। आप कितने बहादुर हैं। खेल आपने शुरू किया है खत्म हम करेंगे। यह वह अहंकार है जो सर पर चढ़कर बोल रहा था। संस्कारहीन इस बयान से अंदाजा लगाया जा सकता है कि तृणमूल के नेताओं को बिल्कुल उम्मीद नहीं थी कि वे और उनकी पार्टी इतनी बुरी तरह से चुनाव हार जाएगी। यही नहीं धीरे धीरे यह भी उजागर हो रहा है कि तृणमूल के सांसद और विधायकों से अभिषेक नौकरों की तरह व्यवहार करते थे। आज स्थिति यह है कि टोलेबाजी (टोल पर अवैध वसूली) और कट मनी के रूप में वह वसूली जो सरकार द्वारा दिए जा रहे आवासों के बदले टीएमसी के गुंडे करते थे वे अपने घरों से बाहर नहीं निकल रहे। कुछ गुंडे दलाल तो डर के मारे कट मनी के पैसे लौटा रहे हैं। टीएमसी के गुंडे और भ्रष्टाचारी नेता जिस सड़क पर निकलते हैं लोग चोर चोर के नारों से उनको जलील करते हैं। आज बंगाल की जनता टीएमसी के आतंक से आजाद महसूस कर रही है और उसका आक्रोश खुलकर सामने आ रहा है। ममता के अहंकार की बात करें तो वह केंद्रीय नेताओं चाहे वे प्रधानमंत्री मोदी हों या गृहमंत्री इनको सम्मान देने की बात तो दूर देश के राष्ट्रपति तक का अपमान करने से नहीं चूकती थीं। उन्होंने कभी भी पीएम के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया। प्रधानमंत्री जब जब भी बंगाल गए उनकी अनदेखी करने में ममता ने कोई कसर नहीं छोड़ी। ममता सरकार के खिलाफ जितने भ्रष्टाचार के आरोप लगे वे सब हकीकत हैं पीएमसी के कई नेता आज जेल में बंद हैं।

## आप कतार में हैं

देखिए भैया, अगर आपको लगता है कि इस नश्वर संसार में संतोष की आखिरी किताब किसी हिमालय की कंदरा में बैठकर लिखी जाती है, तो आप कतई भ्रम में हैं। सब्र का असली लिटमस टेस्ट तो तब होता है, जब एक आम भारतीय नागरिक का इंटरनेट अंगूठा टेक हो जाता है और वह छाती कूटकर कस्टमर केयर को फोन लगाता है। यह दरअसल एकतरफा आशिकी का वह दर्दनाक मजमून है, जिसमें प्रेमी विरह की आग में सुलगता रहता है और प्रेमिका उधर से केवल रिकॉर्डेड घुंघरू बजाकर उसे लॉलीपॉप थमाती रहती है। हमारे मोहल्ले के बनवारी लाल जी का वाई-फाई पिछले तीन दिनों से ऐसा कोमा में गया कि वेंटिलेटर पर पड़ी लाश की तरह हिलने का नाम नहीं ले रहा था। उन्होंने अपनी बची खुची हिम्मत बटोरी, कलेजा पत्थर का किया और कंपनी के टोल फ्री नंबर पर खटका दबा दिया। उधर से एक ऐसी सुरीली मगर प्लास्टिक की आवाज आई, मानो कोई रोबोट जबरदस्ती रसगुल्ला चबा रहा हो, नमस्ते, हमारे सभी एग्जीक्यूटिव अभी दूसरे देवताओं, मेरा मतलब है ग्राहकों की सेवा में लीन हैं। आपकी कॉल हमारे लिए गंगाजल जैसी पवित्र और महत्वपूर्ण है। बनवारी जी का सीना चौड़ा हो गया, उन्हें लगा कि आज तो साक्षात विधाता ने उनकी महत्ता का सर्टिफिकेट दे दिया है। लेकिन अगले ही पल कान के पर्दे फाड़ता हुआ एक ऐसा फ्यूजन संगीत शुरू हुआ, जो न तो ढंग से मीर की गजल था और न ही रानू मंडल का आलाप। वह उस फटे हुए बांस की बांसुरी जैसी आवाज थी, जिसे सुनकर मदारी का सांप भी अपनी बीन छोड़कर गंगा जी में कूद जाए, पर बेचारा बंधुआ ग्राहक कान में फोन चिपकाए भजन सुनने को मजबूर था। बनवारी लाल जी ने ठंडी सांस खींचकर आसमान की तरफ देखा और बुदबुदाए, अरे भाई, यह संगीत नहीं है, यह तो मिडिल क्लास आदमी की लाचारी का बैकग्राउंड स्कोर है जो पीछे से बज रहा है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 07 जून 2026 रविवार
सूर्योदय - 05:45 सूर्यास्त 19:07
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - सप्तमी 03:24 उपरांत अष्टमी
नक्षत्र - धनिष्ठा 07:56 उपरांत शतभिषा
योग - वैधृति 10:02 उपरांत विष्कुंभ
करण - विष्टि
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कुंभ में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्हेज मास 20 तारिख

**मेष-** आज बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। निवेश शुभ रहेगा।

**वृषभ-** नौकरी में तरक्की के योग हैं। व्यापार की गति बढ़ेगी। लाभ में वृद्धि होगी। प्रमाद न करें। लाभ के मौके बार-बार प्राप्त होंगे।

**मिथुन-** आज धन लाभ में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी।सेहत का ध्यान रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी।

**कर्क-** कोर्ट व कचहरी के अटके कामों में अनुकूलता आएगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

**सिंह-** घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। कोर्ट व कचहरी में लंबित कार्य पूरे होंगे।

**कन्या-** व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा। भाग्य का साथ रहेगा। सभी काम पूर्ण होंगे। जल्दबाजी न करें।

**तुला-** नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**वृश्चिक-** प्रमाद न करें। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा।

**धनु-** प्रयास सफल रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में उन्नति होगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। प्रमाद न करें। निवेश व नौकरी मनोनुकूल लाभ देंगे।

**मकर-** जल्दबाजी में कोई काम न करें। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है।

**कुंभ-** अचानक कहीं से लाभ के आसार नजर आ सकते हैं। किसी बड़ी समस्या से निजात मिलेगी। घर-बाहर सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन-** भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। बेरोजगारी दूर होगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**हास-परिहास**

## शिक्षा का बाजारीकरण और छात्रों का भविष्य



महेन्द्र तिवारी (दैनिक अवन्तिका)

भारत में शिक्षा अब केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं रह गई है। यह धीरे धीरे एक विशाल व्यापार में बदल चुकी है। इस व्यापार का सबसे चमकदार और सबसे खतरनाक चेहरा निजी प्रतियोगी शिक्षण उद्योग है। शहरों की दीवारों से लेकर चलभाष पटल तक हर जगह सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की मुस्कान, चयनित विद्यार्थियों की तस्वीरें और सफलता के बड़े बड़े दावे दिखाई देते हैं। ऐसा माहौल बना दिया गया है कि बिना इन संस्थानों के सफलता असंभव लगने लगती है। लाखों परिवार अपनी आर्थिक स्थिति से ऊपर उठकर बच्चों को इन केंद्रों में भेज रहे हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि यही उनके भविष्य का एकमात्र रास्ता है।

सरकारी सर्वेक्षणों के अनुसार आज भारत में लगभग 27 से 33 प्रतिशत छात्र किसी न किसी प्रकार की निजी शिक्षा ले रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में यह संख्या और अधिक है। दिल्ली जैसे शहरों में लगभग 39 प्रतिशत छात्र इन संस्थानों से जुड़े हुए पाए गए हैं। यह आंकड़ा केवल शिक्षा की स्थिति नहीं बताता बल्कि उस मानसिक दबाव को भी दिखाता है जिसमें समाज जी रहा है। विद्यालयों और महाविद्यालयों पर भरोसा कम हुआ है और इन व्यापारिक केंद्रों को सफलता का संक्षिप्त मार्ग मान लिया गया है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस उद्योग का बड़ा हिस्सा शिक्षा से ज्यादा विपणन पर टिका हुआ है। आज आभासी माध्यमों से छात्रों को जोड़ने का काम बड़े स्तर पर किया जा रहा है। एक प्रतिवेदन के अनुसार लगभग 62 प्रतिशत प्रवेश अब अंतर्जाल आधारित प्रचार के माध्यम से हो रहे हैं। इसका अर्थ यह है कि शिक्षा अब विज्ञापन और पहचान निर्माण के उसी प्रतिरूप पर चल रही है जिस पर कोई बड़ा व्यावसायिक प्रतिष्ठान चलता है। फर्क केवल इतना है कि यहां उत्पाद कोई वस्तु नहीं बल्कि छात्रों का भविष्य है।

इन संस्थानों की सबसे बड़ी चाल उनका चयन प्रदर्शन होता है। हजारों और लाखों छात्रों की भीड़ में यदि 5 या 10 छात्रों का चयन हो जाए तो वही चेहरे हर विज्ञापन पट्ट पर दिखाई देने लगते हैं। ऐसा माहौल तैयार किया जाता है कि हर छात्र को लगे कि अगला चेहरा उसी का होगा। लेकिन कोई यह नहीं पूछता कि बाकी हजारों छात्रों का क्या हुआ। वे छात्र जो वर्षों तक शुल्क भरते रहे, जो किराये के कमरों में रहकर तैयारी करते रहे, जिनके परिवार कर्ज में डूब गए, उनका संघर्ष किसी विज्ञापन में जगह नहीं पाता।

यहां सबसे बड़ा खेल संख्या का है। कुछ संस्थान कम शुल्क रखकर गरीब और मध्यमवर्गीय छात्रों की भारी भीड़ जुटाते हैं। 1000 या 2000 रुपये का शुल्क सुनकर छात्रों को लगता है कि उन्हें बहुत बड़ा अवसर मिल रहा है। लेकिन जब ऐसे लाखों छात्र जुड़ते हैं तो वही छोटी रकम करोड़ों का कारोबार बना देती है। कम शुल्क का मतलब सेवा भावना नहीं होता। कई बार यह भीड़ इकट्ठा करने की रणनीति होती है। जितनी बड़ी भीड़, उतना बड़ा मुनाफा और उतनी ही बड़ी सफलता की कहानी।

विडंबना यह है कि छात्र मेहनत अपनी करते हैं लेकिन श्रेय पूरा संस्थान ले जाता है। यदि कोई छात्र सफल हो जाए तो संस्था कहती है कि यह उसकी शिक्षा का परिणाम है। लेकिन यदि लाखों छात्र असफल हो जाएं तो उसकी जिम्मेदारी कोई नहीं लेता। असफल छात्र को कहा जाता है कि उसने पर्याप्त मेहनत नहीं की। इस तरह सफलता संस्थान की और असफलता छात्र की बना दी जाती है।

आज इस उद्योग ने छात्रों की मानसिकता भी बदल दी है। पहले शिक्षा का उद्देश्य समझ विकसित करना होता था। अब शिक्षा केवल परीक्षा पास करने तक सीमित...

# ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में फायदेमंद होंगे ये योगासन

शरीर में इन्सुलिन हार्मोन की से डायबिटीज बीमारी होती है। डायबिटीज आनुवांशिक या उम्र बढ़ने पर या मोटापे के कारण या तनाव के कारण हो सकता है। डायबिटीज ऐसा रोग है जिसमें व्यक्ति को काफी परहेज से रहना होता है। परहेज न करने के दूरगामी परिणाम बुरे होते है। आज बच्चों से लेकर बुजुर्ग भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। व्यस्त जीवन-शैली और अनियंत्रित खानपान भी इसकी एक वजह है। हालांकि, डायबिटीज में ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल रखना काफी आवश्यक होता है। क्योंकि, अगर ब्लड में शुगर लेवल बढ़ जाए, तो इससे आपकी जान को भी खतरा हो सकता है।

शरीर में ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने के लिए योग बेहद ही फायदेमंद साबित हो सकता है। रोजाना योग करने से ना सिर्फ डायबिटीज को कंट्रोल किया जा सकता है बल्कि कई बीमारियों को भी दूर रखा जा सकता है। ब्लड शुगर को खानपान में बदलाव के साथ शारीरिक क्रियाओं के जरिए भी कंट्रोल किया जा सकता है। योग तनाव को दूर करने के साथ ही शरीर में बढ़े हुए ग्लूकोज के लेवल को कंट्रोल करता है।

**नौकासनः**



इस योगासन का रोजाना अभ्यास करने से ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल किया जा सकता है। इसके लिए एड़ियों और पंजों को आपस में मिलाएं। अब अपने दोनों पैर, हाथ और गर्दन को सामांतर ऊपर की तरफ उठाएं, ताकि शरीर का पूरा भार आपके नितंभों पर आ जाए। इस स्थिति में कुछ समय के लिए रहें।

**उत्तान पादासन होगा फायदेमंद**

इस आसन के जरिए डायबिटीज में बढ़ने वाले ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल किया जा सकता है। रोजाना उत्तानपादासन का अभ्यास करने से आपका बैली फैट भी कम होता है। इसके लिए जमीन पर लेटकर अपने पैरों को ऊपर की ओर उठाएं। इस अवस्था में कमर को जमीन से जितना संभव हो, ऊपर की तरफ उठाएं। साथ ही सांस छोड़ते हुए गर्दन को ऊपर की ओर उठाएं। इस प्रक्रिया को कई बार करें।

**पवनमुक्तासन होगा लाभदायक**

यह योगासन ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने के साथ ही गैस की समस्या , कब्ज और बवासीर से परेशान लोगों को भी फायदा पहुंचाता है। यह योगासन शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में भी मदद करता है। इसके लिए अपनी पीठ के बल जमीन पर सीधे लेट जाएं। सांस को नियंत्रित रखें। अपने पैरों को एक साथ उठाएं और पैर के घुटनों को मोड़ें लें। अपने हाथ से पैरों को जकड़ लें।


**धर्म-आस्था**

# सनातन सेवा आश्रम अलीराजपुर पुनीत सेवा परंपरा का मील का पत्थर



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

सनातन सेवा आश्रम अलीराजपुर के संस्थापक श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी श्री नरसिंहानंद जी महाराज (बापूजी) थे उनके ब्रह्मलीन होने के बाद सनातन सेवा आश्रम अलीराजपुर के संस्थापक परम् पूज्य गुरुदेव श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी नरसिंहानंद जी महाराज (बापूजी) के पुत्र श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी श्री शंकरानंद जी महाराज रहे `सनातन सेवा आश्रम अलीराजपुर (म.प्र.)के श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी श्री शंकरानंद जी महाराज के पुत्र स्वामी श्री आनंद जी को सनातन परंपरा की मयार्दा और नियम अनुसार दिनांक 1 - 2 2025 को युगपुरुष पूज्य श्री परमानंद जी महाराज की अध्यक्षता में (गुरु श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी नरसिंहानंद जी महाराज सनातन सेवा आश्रम अलीराजपुर मध्य प्रदेश)को महामंडलेश्वर के पद पर मंत्रोच्चार के साथ तिलक लगाकर सुशोभित किया गया। सनातन सेवा आश्रम पर बहन कु बिंदिया गोराना आश्रम सहयोगी की सेवा की भूमिका निभा रही है। यहां रामदेवजी मेला महोत्सव का आयोजन होता है मेले का आयोजन सनातन सेवा आश्रम द्वारा किया जाता है।मेले में अंचल सहित विभिन्न स्थानों से हजारों श्रद्धालु बाबा रामदेव के दर्शन हेतु आते है। समिति द्वारा भंडारे विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाता है। तेजादशमी के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम के पश्चात शाम को मंदिर प्रांगण से रामदेव पीर की विशाल सवारी ढोल-ढमाकों व बैंडबाजों के साथ निकाली जाती है। 70 वर्षों से चली आ रही परंपरा आज भी निरंतर जारी है



ब्रह्मलीन श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी श्री नरसिंहानंद जी महाराज का जन्म मप्र के आदिवासी अंचल आलीराजपुर में देववंशीय मालवीय लोहार परिवार में श्री गणेश जी के यहां संवत 1971 को हुआ थोउनके पैतृक लकड़ी का कार्य करते थे उसकी अर्जित आय के भाग से आदिवासियों तथा हरिजनों को भजन कार्य में सहायता करना उनका प्रमुख उद्देश्य थोसमाज सुधार ,स्कूलों में स्कूल की पोषाक देना असहाय विद्यार्थियों की फीस देना ,तथा जिन छात्रों की विद्या में रूचि नहीं होती उन्हें तकनीकी शिक्षा दिलाकर रोजगार उपलब्ध कराना ,अनेक स्थानों पर मंदिर निर्माण कराना ,आदि ऐसा पुनीत कार्य कर लोगो को आध्यात्मिक तथा सनातनधर्मी का मार्ग प्रशस्त कर एवं सनातन धर्म का खूब प्रचार- प्रसार कर अलीराजपुर में सनातन सेवा आश्रम की स्थापना कीयहाँ हजारों नर्मदा परिक्रमा वासी आते भजन करते ठहरने और भोजन की निःशुल्क व्यस्था भी रहती है। आपने अनेक संत सम्मेलनों में भाग लिया थो आपने अनेक संतों के साथ पंजाब में शांति स्थापना तथा राष्ट्रीय एकता के लिए अपना बहुमूल्य योगदान दिया था। आप महाकुंभ ,सिंहस्थ में आश्रम का केम्प लगाकर अन्नक्षेत्र का भक्ति भजन द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा करते आये थे अब उनके उत्तराधिकारी एवं आश्रम के वरिष्ठ संत चली आरही सेवा परंपरा का दायित्व निभा रहे है

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द- 7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया- 10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्र्ड- 1,50,400 रवा- 1,50,200 चांदी-टंच- 2,53,500 पाट- 2,53,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## भजन-कीर्तन कर आशा कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन

**सुसनेर।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी हड़ताल पर चल रही आशा एवं ऊषा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को नगर के मनकामनेश्वर महादेव मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन कर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने भगवान शिव की आराधना कर अपनी मांगों के शीघ्र निराकरण की प्रार्थना की तथा हड़ताल को सफल बनाने का संकल्प लिया। इसके बाद आशा, ऊषा कार्यकर्ता एवं महिला संगठन ब्लॉक सुसनेर के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि विभाग द्वारा टीकाकरण हेडकाउंट सर्वे की रिपोर्ट 6 जून तक प्रस्तुत करने एवं राज्य स्तरीय अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान आशा डायरी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, जबकि वर्तमान में प्रदेशभर की आशा कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि हड़ताल अवधि में उनसे किसी प्रकार का विभागीय कार्य नहीं कराया जाए तथा रिपोर्ट एवं अन्य अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर पाने की स्थिति में उनके विरुद्ध कोई विभागीय कार्रवाई नहीं की जाए। उन्होंने कहा कि हड़ताल समाप्त होने के बाद सभी कार्यों का निष्पादन नियमानुसार कर दिया जाएगा। इस अवसर पर आशा एवं ऊषा कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में एकजुटता दिखाते हुए सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आशा एवं ऊषा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## आंधी-तूफान से जर्जर मकान की दीवार गिरी, बुजुर्ग घायल इंदौर रेफर

**आगर मालवा।** आगर शहर की पटमा गली में शनिवार सुबह एक पुराने मकान की दीवार गिरने से 70 वर्षीय बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में इंदौर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, भंवरलाल राठौर (70) पिता कन्हैयालाल राठौर अपने मकान के पास खड़े थे, तभी अचानक दीवार ढह गई और वे उसकी चपेट में आ गए। हादसे में उनके पैर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि यह मकान काफी पुराना और जर्जर अवस्था में था। शुक्रवार को क्षेत्र में आई तेज आंधी, तूफान और बारिश के कारण मकान की स्थिति और कमजोर हो गई थी, जिसके बाद शनिवार सुबह यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल बुजुर्ग को जिला अस्पताल पहुंचाने में मदद की। पूर्व पार्षद देवेंद्र वर्मा भी अस्पताल पहुंचे और परिजनों को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से शहर के अन्य पुराने और जर्जर मकानों का सर्वे कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

## बस में गायब हुए 1 लाख 75 हजार रुपए पुलिस ने किये बरामद पर आरोपी भागने में सफल

**इंगोरिया।** पुलिस की त्वरित कार्यवाही से शनिवार 6 जून को 1 लाख 75 हजार रुपयों से भरा बैग एक घंटे में बरामद करने में सफलता पाई है। परन्तु पुलिस आरोपी को पकड़ने में असफल रही। वह मौके से चकमा देकर भाग गया। फरियादी उज्जैन से बदनावर बी के यादव बस में सफर कर रहा था। इस दौरान उसकी सीट से रुपयों से भरा बैग गायब हो गया था। आयुर्वेदिक मेडिसिन में मार्केटिंग का काम करने वाले ध्रुव पिता विनोद अग्रवाल उम्र 27 वर्ष निवासी बेलागंज आगरा उत्तर प्रदेश की सूचना पर इंगोरिया पुलिस के टी आई दीपेश व्यास के निर्देश पर उप निरीक्षक नानकराम पटेल और ए एस आई दिनेश निनामा की टीम ने घेराबंदी कर इंगोरिया नेशनल हाइवे के नए ओवर ब्रिज पर रुपयों से भरा बैग बरामद कर लिया पर आरोपी पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब हो गया। फरियादी उज्जैन से बदनावर के लिए बी के यादव बस में बैठा था इंगोरिया आने से पहले ही उसका बैग बस में गायब हो गया था। उसने इंगोरिया में उतरकर पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस की इस कार्यवाही में आरक्षक नितेश रायकवार , भोजराज परमार और दीपक सोलंकी की भी सराहनीय सहयोग रहा ।

विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा का पौधारोपण अभियान

# बदनावर में 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत लगाए पौधे, संरक्षण का संकल्प किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बदनावर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने बदनावर विधानसभा क्षेत्र में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत व्यापक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव सहित विभिन्न नेताओं और कार्यकताओं ने हिस्सा लिया।

ग्राम मुलथान में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री दत्तीगांव ने ग्रामीणों के साथ पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण करना चाहिए और उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत के विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी भी ली।



### महाविद्यालय में भी पौधारोपण कार्यक्रम

मुलथान में हुए इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच देवेंद्र मोदी, जनपद पंचायत सीईओ लाखन सिंह सिसोदिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेमचंद परमार एवं सुनील मोदी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गोविंद रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

इसी कड़ी में, भाजपा नगर मंडल की ओर से शासकीय महाविद्यालय परिसर में भी पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां कार्यकर्ताओं ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया।

### पौधों के संरक्षण का आह्वान किया

नगर मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर ने बताया कि अभियान के तहत आगामी दिनों में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में भी पौधारोपण किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का आह्वान किया। गुर्जर ने जोर दिया कि वृक्ष न केवल पर्यावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य की नींव भी रखते हैं।

इस कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र सराफ, नगर मंडल महामंत्री संतोष राव, एल्डरमेन कन्हैयालाल गुर्जर एवं मीतेश शर्मा, सुनील परमार, पंकज जायसवाल, दिलीपसिंह चौहान, प्रदीप पंवार, पियूष मूणत, यश यादव सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर नगर परिषद द्वारा भी यहां बागेड़ी डेम के पास स्थित भूमि पर पौधे लगाए गए। इस मौके पर प्रियंका मिमरोट, तहसीलदार सुरेश नागर, नपाध्यक्ष मीना यादव, उपाध्यक्ष राजेंद्रसिंह पँवार आदि उपस्थित रहे।

केवीके वैज्ञानिकों ने दिए सोयाबीन की उन्नत खेती के गुरु

# ग्राम उगली में कृषक प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए गत दिवस ग्राम उगली में कृषि विज्ञान केंद्र शाजापुर एवं कृषि विभाग शाजापुर द्वारा एक दिवसीय खरीफ फ सलों की उन्नत तैयारी एवं प्रबंधन पर कृषक प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम किसान संघ के जिलाध्यक्ष सवाई सिंह सिसोदिया के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ जी आर अम्बावतिया के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्र प्रमुख डॉ. एस एस धाकड ने की।



कार्यक्रम में केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. मुकेश सिंह एवं डॉ डी के तिवारी व देवेन्द्र परमार वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, चंदरसिंह सिसोदिया जिलामंत्री किसान संघ, राजेन्द्र मेवाड़ा, किसान संघ तहसली अध्यक्ष, शाजापुर के साथ प्रगतिशील किसान खामसिंह, नरेन्द्र पाटीदार, कमल पाटीदार, सुरेश पाटीदार, अक्शराव ठोगरे एवं 50 किसान भाई उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में वैज्ञानिकों ने उपस्थित किसानों को कम लागत में सोयाबीन की उत्पादकता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण तकनीकी सलाह दी।

अकोदिया में प्री-मानसून सफाई अभियान शुरू

## अधूरे नाली-सड़क कार्यों पर पार्षदों, रहवासियों ने उठाए सवाल

**अकोदिया।** नगर परिषद ने मानसून से पहले प्री-मानसून सफाई अभियान शुरू कर दिया है। इसका मुख्य उद्देश्य नगर के कई वार्डों में नालों और नालियों की सफाई कर पानी निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाना है, ताकि वर्षा के दौरान जलभराव की स्थिति को रोका जा सके। नगर परिषद अध्यक्षा रचना सचिन शर्मा और मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सेन के निर्देशानुसार, वर्षा ऋतु की तैयारियों के तहत वार्ड 9 डाबरीपुरा, वार्ड 5 फुलेन और वार्ड 4 में नालों की सफाई का कार्य कराया गया। सफाई कर्मचारी लगातार वार्डों में पहुंचकर नालियों से गाद और कचरा हटा रहे हैं, जिससे बारिश के पानी का बहाव बाधित न हो। परिषद के अनुसार, दो दिन पूर्व हुई बारिश के दौरान जिन क्षेत्रों में पानी भरने की समस्या सामने आई थी, वहां विशेष रूप से पानी निकासी की व्यवस्था की गई है। भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो, इसके लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की एक विशेष बैठक भी आयोजित की जाएगी।



## नगर मंडल ने किया सांकेतिक पौधारोपण हरियाली बढ़ाने का लिया संकल्प

**नागदा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नागदा नगर मंडल द्वारा नगर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 21 स्थित पलिया कला सामुदायिक भवन परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान के मार्गदर्शन में मंडल पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने सांकेतिक रूप से पांच पौधे रोपित कर उन्हें वृक्ष के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया। उपस्थितजनों ने पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन एवं हरित भविष्य के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री राकेश यादव, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि ओपी गहलोत, नपा उपाध्यक्ष सुभाषचंद्र शर्मा, पार्षदगण, मंडल पदाधिकारी, वरिष्ठ नेतृत्व एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण ही समृद्ध भविष्य की आधारशिला है। प्रत्येक व्यक्ति यदि अपने जीवन में एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करे, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा परिवर्तन संभव है। कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों से भी पौधारोपण कर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया गया।

## लोडिंग ड्राइवर का अपहरण कर वसूले रुपए, आरोपी गिरफ्तार

**देवास।** देवास में एक लोडिंग वाहन चालक का अपहरण कर मारपीट और जबरन वसूली के मामले में नाहर दरवाजा थाना पुलिस ने शुक्रवार को दो आरोपियों को 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने ड्राइवर को कार में बैठाकर विभिन्न स्थानों पर ले जाकर पीटा और जान से मारने की धमकी देकर उसके खाते से रुपए ट्रांसफर करवाए थे। पुलिस के अनुसार, वृंदावन धाम कॉलोनी निवासी दीपेश सोनी (23) ने शिकायत दर्ज कराई थी। 1 जून की रात करीब 9:45 बजे, वह अपनी लोडिंग गाड़ी में एबी रोड बायपास स्थित फ्यूल्स पर सीएनजी भरवाने गए थे। पेट्रोल पंप से निकलते समय, पीछे से आई एक कार ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। कार से उतरे दो युवकों ने दीपेश के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। उन्होंने वाहन को हुए नुकसान का हवाला देते हुए 20 हजार रुपए की मांग की। जब दीपेश ने रुपए देने से इनकार किया, तो आरोपियों ने उनका मोबाइल फोन और वाहन की चाबी छीन ली।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि प्रबल जैन जाति जैन कृषक श्यामपुरा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा म.प्र. की मालिक व कब्जे की भुमि जो की ग्राम श्यामपुरा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा में सर्वे न. 169/2/1 रकबा 0.400, 203/1/2 रकबा 6.750 कुल किता 02 कुल रकबा 7.15 हैक्टेयर भुमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

मेरे पक्षकार ने उक्त भुमि क्रय करने का सोदा कर बयाना की राशी भी विक्रेता को अदा कर दी गई है उक्त भुमि जो मेरे पक्षकार दवारा क्रय किजा रही है किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्वहित अधिपत्य, बंधक, जमानत, या अन्य प्रकार का भार है या किसी के पास अंतरण की हुई हो या किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व आपत्ती हो तो वह इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय आपत्ति प्रमाण सहित मेरे कार्यालय मे आकर मिले उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी व उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी व उक्तभुमि का विक्रय पत्र विधिवत पंजीयन करवा लिया जावेगा सो सुवित हो ।

इति दिंनाक : 06/06/2026

**केशव शास्त्री अधिवक्ता**
**सुसनेर डाक बंगला रोड सुसनेर**
**मोबा. 8269266222, 8251026461**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सुवित किया जाता है कि दिनेश पाटीदार जाति कुल्मी कृषक श्यामपुरा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा म.प्र. की मालिक व कब्जे की भूमि जो की ग्राम श्यामपुरा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा में सर्वे न. 165 रकबा 0.360, 172/2 रकबा 0.290, 220 रकबा 0.800, 242 रकबा 0.430, 254 रकबा 0.170, 43/1/1 रकबा 0.200, 45 रकबा 0.450, 70/1 रकबा 0.960, 98/3 रकबा 0.300, 79/2 रकबा 1.330, 224/1 रकबा 0.910, 224/2 रकबा 0.810, कुल किता 11 कुल रकबा 6.200 हैक्टेयर भुमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

मेरे पक्षकार ने उक्त भुमि क्रय करने का सौदा कर बयाना की राशी भी विक्रेता को अदा कर दी गई है उक्त भुमि जो मेरे पक्षकार द्वारा क्रय कि जा रही है किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्वहित अधिपत्य, बंधक, जमानत, या अन्य प्रकार का भार है या किसी के पास अंतरण की हुई हो या किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय आपत्ति प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर मिले उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी व उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी व उक्त भुमि का विक्रय पत्र विधिवत पंजीयन करवा लिया जावेगा सो सुचित हो ।

इति दिनाक :-05/06/2026

**केशव शास्त्री अधिवक्ता**
**सुसनेर डाक बंगला रोड सुसनेर**
**मोबा. 8269266222, 8251026461**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि अल्लानुर खान जाति पिंजारा कृषक श्यामपुरा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा म.प्र. की मालिक व कब्जे की भुमि जो की ग्राम श्यामपुरा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा में सर्वे न. 66 रकबा 1.700, कुल किता 01 कुल रकबा 1.700 हैक्टेयर भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

मेरे पक्षकार ने उक्त भुमि क्रय करने का सोदा कर बयाना की राशी भी विक्रेता को अदा कर दी गई है उक्त भुमि जो मेरे पक्षकार दवारा क्रय किजा रही है किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्वहित अधिपत्य, बंधक, जमानत, या अन्य प्रकार का भार है या किसी के पास अंतरण की हुई हो या किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय आपप्ति प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर मिले उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी व उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी व उक्तभुमि का विक्रय पत्र विधिवत पंजीयन करवा लिया जावेगा सो सुचित हो ।

इति दिंनाक :-06/06/2026

**केशव शास्त्री अधिवक्ता**
**सुसनेर डाक बंगला रोड सुसनेर**
**मोबा. 8269266222, 8251026461**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि राकेश राठौर जाति तेली कृषक श्यामपुरा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा म.प्र. की मालिक व कब्जे की भुमि जो की ग्राम श्यामपुरा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा में सर्वे न. 99 रकबा 1.850, 323 रकबा 0.190 कुल किता 02 कुल रकबा 2.04 हैक्टेयर भुमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

मेरे पक्षकार ने उक्त भुमि कय करने का सोदा कर बयाना की राशी भी विक्रेता को अदा कर दी गई है उक्त भुमि जो मेरे पक्षकार दवारा क्रय किजा रही है किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्वहित अधिपत्य, बंधक, जमानत, या अन्य प्रकार का भार है या किसी के पास अंतरण की हुई हो या किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय आपत्ति प्रमाण सहित मेरे कार्यालय मे आकर मिले उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी व उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी व उक्तभुमि का विक्रय पत्र विधिवत पंजीयन करवा लिया जावेगा सो सुचित हो ।

इति दिनाकः-06/06/2026

**केशव शास्त्री अधिवक्ता**
**सुसनेर डाक बंगला रोड सुसनेर**
**मोबा. 8269266222, 8251026461**

### न्यायालय तहसीलदार तहसील मल्हारगंज इन्दौर

**क्रमांक 246/रीडर/2026** **इन्दौर, दिनांक 02/06/2026**
**R.C.M.S प्रकरण 0007/अ-27/2026-27**

### सार्वजनिक नोटिस

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि बापूलाल पिता गजानंद निवासी ग्राम बरदरी तहसील मल्हारगंज इन्दौर म.प्र., द्वारा ग्राम बरदरी स्थित भूमि सर्वे नं. 27 रकबा रकबा 1.102 हे. सर्वे नं. 28 रकबा 0.434 हे. सर्वे नं. 30/1 रकबा 0.370 हेक्टेयर पर म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत भूमि का बंटवारा करने बाबद् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया।

अतः उक्त भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वह दिनांक 11/06/2026 के अन्दर अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के मोध्यम से तहसील न्यायालय में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**तहसीलदार**
**तहसील मल्हारगंज, इन्दौर**

### जाहिर सूचना
### सर्व साधारण सूचना-पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम- दताना तह. व जिला-उज्जैन (म.प्र.) में स्थित भूमि सर्वे नम्बर 568/2 रकबा 0.410 हे. भूमि को विक्रेता-श्रीमती हमीदा पति आरिफ पटेत निवासी मतानकिता तह. व जिला-उज्जैन (म.प्र.) के द्वारा क्रेता - सुरेन्द्र सिसोदिया पिता श्री मणीशंकर जी निवासी ग्राम - दताना तह. व जिला - उज्जैन म.प्र. को विक्रय करने का सौदा दिनांक 04-06-2026 को किया गया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त संबंध में स्वत्व आदि संबंध में कोई उज्र व आपत्ति हो तो उक्त जाहीर सूचना प्रकाशित के 7 दिवस में क्रेता सुरेन्द्र सिसोदिया मोबा. नम्बर- 7000224175 पर सम्पर्क करें बाद मियाद आपत्ति स्वीकार नहीं की जावें ।

दिनांक 05-06-2026

**सुरेन्द्र सिसोदिया पिता मणीशंकरजी**
**निवासी दताना तह. जिला उज्जैन (म.प्र.) मो. 7000224175**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि गुड्डीबाई जाति तेली कृषक श्यामपुरा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा म.प्र. की मालिक व कब्जे की भुमि जो की ग्राम श्यामपुरा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा में सर्वे न. 72/2 रकबा 0.500, 108 रकबा 0.950, 167 रकबा 1.060, 169/2/2 रकबा 0.600, 69/5/1 रकबा 0.060, 69/5/2 रकबा 0.070, 340/5/1 रकबा 0.060, 340/5/2 रकबा 0.060, 69/3 रकबा 0.180, 340/3 रकबा 0.410, 69/4 रकबा 0.140, 340/4 रकबा 0.120 कुल किता 12 कुल रकबा 4.21 हैक्टेयर भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

मेरे पक्षकार ने उक्त भुमि क्रय करने का सोदा कर बयाना की राशी भी विक्रेता को अदा कर दी गई है उक्त भुमि जो मेरे पक्षकार दवारा क्रय किजा रही है किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्वहित अधिपत्य, बंधक, जमानत, या अन्य प्रकार का भार है या किसी के पास अंतरण की हुई हो या किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय आपत्ति प्रमाण सहित मेरे कार्यालय मे आकर मिले उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी व उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी व उक्तभुमि का विक्रय पत्र विधिवत पंजीयन करवा लिया जावेगा सो सुवित हो।

इति दिनाकः-06/06/2026

**केशव शास्त्री अधिवक्ता**
**सुसनेर डाक बंगला रोड सुसनेर**
**मोबा. 8269266222, 8251026461**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्री कैलाश पिता श्री हजारीलाल, जाति-बंजारा, निवासी-ग्राम वजीरपुर उर्फ जोगीखेडी पोस्ट सोडंग तहसील घट्टिया जिला उज्जैन व कृषक ग्राम वजीरपुर (जोगीखेड़ी) तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के एकमेव स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की एक कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 120/2 रकबा 0.50 हेक्टर में से दक्षिण दिशा तरफ की रकबा 0.20 हेक्टर स्थित ग्राम वजीरपुर (जोगीखेडी) तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में होकर फ्रीहोल्ड् राईट्स की हैं तथा जिसके पूर्व दिशा में कृषि भूमि श्री भेरूलाल जी की, पश्चिम दिशा में सरकारी रास्ता, उत्तर दिशा में-भूमि सर्वे क्रमांक 120/2 की शेष भूमि व दक्षिण दिशा में कृषि भूमि श्री राधेश्याम जी की, है, को मय तल, जमीन व हवाई हक सहित तथा मय निर्विवाद व रिक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक धनराशि अदा कर दी हैं।

उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, वित्तीय संस्था, बैंक, शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग, आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार, कब्जे आदि का अधिकार, अनुबंध, गिरवी आदि का भार अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी व्यक्ति को या अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति आदि हो, तो वे सूचना प्रकाशन से 7 दिन में मय असल दस्तावेज व तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिले, ताकि उसका निराकरण करवाया जा सकें। बाद मियांद किसी की कोई आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारक नहीं रहेगी एवं मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति के अंतरण लेख का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा । इति दिनांक 06.06.2026, उज्जैन

**निखिल सोड़ानी एडव्होकेट**
**कार्यालय-दुकान नं. डी-8, भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स,**
**आर.टी.ओ. आफिस के पीछे, देवास रोड़, उज्जैन**
**मोबाईल नम्बर 9301376778**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि ब्रजेश पाटीदार जाति कुल्मी कृषक श्यामपुरा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा म.प्र. की मालिक व कब्जे की भुमि जो की ग्राम श्यामपुरा तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा में सर्वे न. 38 रकबा 0.900, 60/3 रकबा 0.780, 222 रकबा 0.250, 136/1 रकबा 0.590, 203/2 रकबा 0.750, 203/3 रकबा 0.860 कुल किता 06 कुल रकबा 4.13 हैक्टेयर भुमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

मेरे पक्षकार ने उक्त भूमि क्रय करने का सौदा कर बयाना की राशी भी विक्रेता को अदा कर दी गई है उक्त भुमि जो मेरे पक्षकार द्वारा क्रय कि जा रही है किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्वहित अधिपत्य, बंधक, जमानत, या अन्य प्रकार का भार है या किसी के पास अंतरण की हुई हो या किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय आपत्ति प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर मिले उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी व उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी व उक्त भुमि का विक्रय पत्र विधिवत पंजीयन करवा लिया जावेगा सो सुचित हो ।

इति दिनाक :-06/06/2026

**केशव शास्त्री अधिवक्ता**
**सुसनेर डाक बंगला रोड सुसनेर**
**मोबा. 8269266222, 8251026461**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने शिवशंकर राठौर पिता श्री बाबूलाल राठौर निवासी ग्राम करोहन तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके द्वारा मूल भूमि स्वामी रमेशचन्द्र पिता गंगाराम जी से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य की क्रय अनुबंधित की हुई भूमि सर्वे क्रमांक 759/2 रकबा 0.4400 हेक्टर में से 0.4000 हेक्टर (अर्थात दो बीघा) ग्राम चिन्तामण जवासिया प.ह.न. 0085 तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन राशि अदा कर सौदा चिट्ठी का सम्पादन करवा लिया है तथा अनुबंध पत्र का सम्पादन करवाया जाना है और अनुबंध पत्र अनुसार शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक 06-06-2026 उज्जैन

**श्रीमती नीलम अग्रवाल (एडवोकेट)**
**एम.ए.एल.एल.बी.**
**61, महाकाल सिंधी कॉलोनी उज्जैन मोबा. 98264-44002**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)

**क्र./47/राजस्व/2026** **देवास, दिनांक 05/06/2026**

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईड http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेन्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026 UAD 513470-1 05/06/2026 | नगर पालिक निगम देवास में यूनि-पोल/केन्टीलीवर बोर्ड स्थापित कर विज्ञापन करने हेतु ई-निविदा। | 09 वर्ष 1577277/- (प्रतिवर्ष) | 12,500/- 521758/- | 29/6/2026 06 PM |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन लाईन ई-टेण्डर की http://www.mptenders.gov.in वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम देवास (म.प्र.)**

# युवा शक्ति, खेल और पर्यावरण संरक्षण का संगम बना समर कैंप

## समापन समारोह में खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में क्रीड़ा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 45 दिवसीय समर कैंप 2026 का समापन, पुरस्कार वितरण समारोह एवं विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दरसिंह परमार रहे।

मंत्री के महाविद्यालय आगमन पर एनसीसी कैडेट्स ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया, वहीं एनएसएस स्वयंसेवकों एवं खिलाड़ियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इसके बाद वराहमिहिर की प्रतिमा पर माल्यार्पण, मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि तथा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप कन्या पूजन भी किया गया। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा एवं जिला संगठक देवेंद्र कुम्भकार ने अतिथियों का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। समारोह में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष




आलोक खन्ना, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि बेनी प्रसाद परमार, एसडीओपी निमेष देशमुख सहित अनेक गणमान्य नागरिक, प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि इन्दरसिंह परमार ने कहा कि युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए खेल, अनुशासन, शिक्षा और सामाजिक सेवा का समन्वय आवश्यक है। उन्होंने समर कैंप के दौरान संचालित विभिन्न खेल, फि टनेस, पर्यावरण संरक्षण एवं व्यक्तित्व विकास गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मंत्री ने पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने त्रिवेणी बरगद, पीपल एवं नीम का पौधारोपण कर अभियान की शुरूआत की। इसके बाद अतिथियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर स्थित विद्यावन में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इको क्लब प्रभारी डॉ. मुकेश सिंह मेवाड़ा ने विश्व पर्यावरण दिवस 2026 की थीम प्रकृति से प्रेरित जलवायु के लिए हमारे भविष्य के लिए पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी की आवश्यकता बताई। वहीं प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने समर कैंप को विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास का प्रभावी माध्यम बताया। कार्यक्रम में समर कैंप का प्रतिवेदन सतीश गोयल ने प्रस्तुत किया। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों स्वयंसेवकों एवं प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। मंत्री ने देवेंद्र कुम्भकार को उत्कृष्ट नेतृत्व अवार्ड, प्रीतम सिंह परमार को विशेष योगदान सम्मान तथा हर्षित पवार को प्रबंधन सहयोग सम्मान से सम्मानित किया। 45 दिनों तक चले इस समर कैंप में खेल प्रशिक्षण, फिटनेस गतिविधियां, पर्यावरण संरक्षण अभियान, व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम एवं सामाजिक जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन गजेंद्र सिंह चंदेल व आभार डॉ. मुकेश सिंह मेवाड़ा ने व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर ब्रह्माकुमारीज द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

**ब्यावरा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर ब्रह्माकुमारी शहीद कॉलोनी सेवाकेंद्र के माध्यम से मोहानीपुरा में मंदिर तथा छात्रावास के प्रांगण में ब्रह्माकुमारी बहनों ने पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया ब्यावरा सेवा केंद्र की संचालिका राजयोगिनी लक्ष्मी दीदी ने अपने संदेश में बताया कि वृक्ष मानव जीवन का आधार है। विश्व पर्यावरण दिवस हमें याद दिलाता है की धरती की सुरक्षा केवल बाहरी प्रयासों से नहीं , बल्कि हमारे विचारों, संस्कारों, जीवनशैली से भी जुड़ा हुआ है। जब हम प्रकृति के प्रति प्रेम, जिम्मेदारी और सम्मान के श्रेष्ठ संकल्प लेते हैं। तो एक स्वच्छ, संतुलित, उज्जवल भविष्य का निर्माण संभव होता है। मोहनपुरा सरपंच राधेश्याम दांगी ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान पर्यावरण संरक्षण और आध्यात्मिकता के संगम के रूप में लगातार व्यापक पौधारोपण अभियान चला रहा है। संस्थान का लक्ष्य पौधे लगाकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। उनका मानना है मानव विचारों और चेतना का हमारी प्रकृति पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इसी कड़ी में अध्यक्ष रामबगस दांगी ने सुझाव दिया की सभी को अपने जन्मदिन या किसी विशेष अवसर पर एक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर अध्यक्ष रामबगस दांगी , सरपंच राधेश्याम दांगी, ब्रह्माकुमारी तेजस्वी दीदी, ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी, खाद बीज व्यापारी बद्रीलाल अमृतलाल, मारावाड़ी महिला मंडल अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल, कृष्ण मालवी, शीला ओझा एवं अन्य भाई बहाने ब्रह्माकुमारीज संस्था से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## परिवार में सम्पति का नही दु:खों का बंटवारा होना चाहिए - पं.सतीश नागर



**ब्यावरा।** ब्यावरा के समीप ग्राम खरेटिया में समस्त ग्रामवासियो द्वारा 1 जून से आयोजित श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिवस बड़ी धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया जिसमे श्रीमद भागवत कथा प्रवक्ता पंडित सतीश नागर ने कथा प्रसंग सुनाते हुए कहा कि परिवार जन हो या भाई-भाई एक दूसरे के दुख दर्द को बांटना चाहिये ना कि जमीन जायदाद,ओर कहा जिस परिवार ओर जनमानस में आपस मे प्रेम होता वहां वही रामराज्य है, ये कथा रात्रि 8 से 11 बजे तक चल रही, ग्रामवासियो द्वारा सभी भक्तों ओर क्षेत्रवासियो से कथा सुनने का आग्रह किया जा रहा, इस कथा का समापन दिन में 7 जून रविवार को महाप्रसादी के साथ होगा।

## पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण




**तराना।** शासकीय महाविद्यालय तराना में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 5 जून 2026 विश्व पर्यावरण दिवस पर महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के एक दिन पूर्व महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुमाना महेंदले ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए प्रत्येक विद्यार्थी को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नटवरसिंह राठौर ने पर्यावरण के प्रति जनजागरुकता एवं अधिक से अधिक प्रचार प्रसार की बात कही एवं पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ पंकज माहेश्वरी, प्रो दिनेश कौल, प्रो कविता कौल, विजय कुमार, डॉ अरविन्द नागर, डॉ. प्रवीण कुमरावत, डॉ. रामेश्वर शिंदे, डॉ. प्रियंका परिहार, मनीषा भरंग, गोविन्द सिंह ठाकुर,हरिदयाल सरोठिया , भगवती प्रसाद सांखला, मोहन मालवीय,नंदकिशोर मौर्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जन अभियान परिषद ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**सुसनेर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विश्वकर्मा मंदिर परिसर में संगोष्ठी एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षों की उपयोगिता और प्रकृति संवर्धन को लेकर उपस्थित विद्यार्थियों एवं नागरिकों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर प्रकृति का संतुलन बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी ने वृक्षों की वास्तविक महत्ता को सभी के सामने उजागर किया था। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों एवं नागरिकों को वृक्षों के महत्व, जल संरक्षण तथा स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। संगोष्ठी के पश्चात मंदिर परिसर में अतिथियों एवं उपस्थित जनों द्वारा पौधारोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया।

विश्व पर्यावरण दिवस पर सुसनेर में वृहद् पौधारोपण

# केंद्र में भाजपा सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर हरियाली का संकल्प

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को सुसनेर में भाजपा मंडल द्वारा वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्र में भाजपा सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं वन विभाग के अधिकारियों ने सहभागिता करते हुए पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम का आयोजन लोकसेवा केंद्र के पास स्थित एनआरएलएम भवन परिसर में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद अतिथियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान एक पेड़ मां के नाम अभियान को आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच वृक्षारोपण सबसे प्रभावी उपाय है। पेड़ न केवल पर्यावरण को संतुलित बनाए रखते हैं, बल्कि मानव जीवन के लिए आवश्यक स्वच्छ वायु, जल संरक्षण और जैव विविधता के संवर्धन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए।

कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि केवल एक दिन पौधे लगाने से उद्देश्य पूरा नहीं होगा, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित एवं स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने की अपील की।

इस अवसर पर पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी, राणा विक्रम सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन बाबू, नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, जिला उपाध्यक्ष डॉ. गजेंद्र सिंह चंद्रावत, सजन सिंह कलारिया, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जैन, मंडल महामंत्री कालूसिंह, लखन सिंह, लक्ष्मण सिंह कावल, महेश शर्मा, युगल किशोर परमार, जितेंद्र सावला, गोवर्धन शुक्ला, कार्यक्रम प्रभारी मुकेश हरदेनिया, विष्णु भावसार तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी चन्द्र सिंह पंवार सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिला चिकित्सालय से फरार दंडित बंदी को किया गिरफ्तार

**ब्यावरा।** राजगढ़ पुलिस ने कार्यवाही करते हुए जिला चिकित्सालय से पुलिस अभिरक्षा से फरार दंडित बंदी को गिरफ्तार कर पुनः अभिरक्षा में ले लिया। दंडित बंदी जितेन्द्र पिता रामप्रसाद भाटी 28 वर्ष निवासी आनंदीखेड़ी कॉलोनी थाना नलखेड़ा, जिला आगर-मालवा जिला जेल राजगढ़ में निरुद्ध था। आरोपी को न्यायालय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सारंगपुर द्वारा अपराध क्रमांक 199/2022 के अपराध में दोष सिद्ध पाते हुए सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया था। बंदी की तबीयत खराब होने के कारण उसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय राजगढ़ में भर्ती कराया गया था। 5 जून 2026 की प्रातः कैंसर वार्ड में उपचाररत उक्त बंदी पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। इस संबंध में जेल प्रहरी देवेन्द्र सिंह पिता अमरजुलाल की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली राजगढ़ में अपराध क्रमांक 384/2026 धारा 262 बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतवाली राजगढ़ द्वारा तत्काल विशेष टीम गठित कर आरोपी की तलाश प्रारंभ की गई। तकनीकी एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया तथा संभावित मार्गों पर निगरानी रखी गई। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी जिला चिकित्सालय से भागने के बाद खिलचीपुर नाका क्षेत्र से पैदल जंगल के रास्ते खुजनेर पहुंचा तथा वहां से बस में बैठकर पचोर चला गया। मुखबिर से प्राप्त सटीक सूचना के आधार पर थाना कोतवाली राजगढ़ एवं थाना पचोर की संयुक्त टीम द्वारा पचोर स्थित पशु मंडी, बोड़ा रोड क्षेत्र में घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी को उपनिरीक्षक राकेश दामले द्वारा गिरफ्तार कर पुनः पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। इस प्रकार राजगढ़ पुलिस ने फरारी की घटना के आरोपी को गिरफ्तार किया।

## राहुल यादव हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर चक्का जाम

**सुसनेर।** जामुनिया रोड पर खेरिया निवासी राहुल यादव पर हुए जानलेवा हमले एवं 80 हजार रुपए की कथित लूट के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से ग्रामीणों और सर्व समाज में आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों ने इंदौर-कोटा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित डाक बंगला तिराहे पर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया तथा पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अक्षय सिंह बेस मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से चर्चा की। इस दौरान ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। थाना प्रभारी द्वारा त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बावजूद प्रदर्शनकारी संतुष्ट नहीं हुए और बाद में एसडीओपी कार्यालय पहुंचकर एसडीओपी देवनारायण यादव को भी ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि घटना को कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है, जिससे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

# टायर फटने से कार पलटी,दो घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तनोड़िया

तनोडिया में एन एच 552 जी झालावाड़ से उज्जैन रोड पर बस स्टैंड पर सर्विस रोड की स्ट्रीट लाइट बंद होने से वाहन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। उज्जैन महाकाल दर्शन की ओर जा रही कार तेज रफ्तार से बस स्टैंड पर लगा स्पीड ब्रेकर पर धीरे न करने के कारण एक टायर ड्राइवर साइड का फटने से संतुलन बिगड़ने के कारण सर्विस रोड की जाली से टकराते हुए सर्विस रोड पर चढ गई। जिसमें चार लोग सवार थे। दो घायल और दो मामुली चोट लगी।

घटना रात्रि 2 बजे की बताई जा रही है। तनोडिया पुलिस मौके पर पहुंची। जहां घायलों को आगर रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि स्ट्रीट लाइट रोड की दोनो साइड की कुछ स्थानों पर बंद थी यदि यह लाइट चालु होती तो घटना पर सकती थी। कार की रफ्तार बहुत तेज होने के कारण यह घटना घटी। लेकिन एन एच के हठधर्मी अधिकारी और टोल वसुलने में व्यस्त लोगों को इनका कोई सरोकार नही है। गत माह आगर पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी द्वारा एनएच एआई



अधिकारियों को निर्देश भी बेअसर साबित हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि रोड के ठेकेदार की लापरवाही की वजह से आए दिन घटनाएं हो रही और गत दिनों शांति समिति की बैठक में भी कई बार मुद्दा उठा लेकिन आज दिनांक तक सर्विस रोड की स्टेट लाइट आधी अधुरी चल रही है। इस कारण स्पीड ब्रेकर रात्रि में दिखा नहीं था। चौकी प्रभारी सचिन धाकड ने बताया कि राधेश्याम पिता बाबुलालजी घायल,हेमराज पिता घासीराम घायल और पप्पू और जगदीश को मामुली चोट हैं। सभी निवासी कोटा राजस्थान है।

# खाटू श्याम सेना ट्रस्ट ने 500 सदस्य जोड़ने का लक्ष्य रखा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

श्याम भक्तों की राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत पंजीकृत संस्था श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट अकोदिया द्वारा सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत नगर में स्टॉल लगाकर नए सदस्यों को संस्था से जोड़ा गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल की उपस्थिति रही। जिलाध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार गेहलोत के नेतृत्व में आयोजित सदस्यता अभियान के दौरान इच्छुक लोगों से सदस्यता प्रपत्र भरवाकर उन्हें संस्था का दुपट्टा पहनाकर सदस्यता प्रदान की गई। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने संस्था



की गतिविधियों एवं उद्देश्यों की जानकारी भी दी। डॉ. गेहलोत ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास चंद्र अग्रवाल के निर्देशन में जिलेभर में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। संस्था पिछले चार वर्षों से नगर में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का सफल आयोजन करती आ रही है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत अकोदिया नगर से 500 नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पदाधिकारियों ने कहा कि संस्था का उद्देश्य धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में जनसहभागिता बढ़ाना है। सदस्यता अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक श्याम प्रेमियों को संगठन से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर शरद जैन, गोलू गुप्ता, सतीश धनगर, सचिन सोनी, निक्की खोदाणी सहित अन्य कार्यकर्ता एवं श्याम भक्त उपस्थित रहे।

## आरएसएस को आतंकवादी संगठन कहने पर कांग्रेस नेता गिरफ्तार

**सारंगपुर।** सारंगपुर पुलिस ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के



आरोप में डिगवाड के रहने वाले कांग्रेस नेता और आईटी सेल जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह चंदेल को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई हिंदू समाज और संघ कार्यकताओं के द्वारा किए गए विरोध को लेकर पुलिस ने की है। यह पूरा मामला फेसबुक पर की गई एक पोस्ट से जुडा है। आरोप है कि रघुवीर सिंह चंदेल ने फेसबुक पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की फोटो शेयर करते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी की है। उसके अनुसार लोगों को सावधान करते हुए उसने लिखा कि अभी भी वक्त है जागो और इन अंग्रेजों के एजेंटों को पहचानो ये देशभक्ति के नाम पर केवल साम्प्रदायिक दंगे फैलाकर राजनीतिक रोटी सेंकते हैं हिंदुत्व के नाम पर। साध्य कमेंट बॉक्स में संलग्न है।' पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पोस्ट की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पत्रकार बाबूलाल कुमावत प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

**महिदपुर ।** नेशनल मीडिया फाउण्डेशन नई दिल्ली की चयन निर्णायक कमेटी द्वारा, श्री राजेन्द्र जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुशंसा पर पत्रकार बाबूलाल कुमावत महिदपुर को मध्यप्रदेश का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया जाता है। आपका कार्यकाल आगामी आदेश तक



रहेगा। आपसे विश्वास है कि आप संगठन की गोपनीयता बनाएं रखते हुऐ संगठन को मजबूत करेंगें। कुमावत की नियुक्ति को लेकर नेशनल मीडिया फाउण्डेशन के सदस्य पत्रकारगण विशाल शर्मा, हिमांशु जेम्स, स्वस्तिक चौधरी, तन्मय खण्डुजा , अभिषेक उथरा, विधि सल्हाकार संजय जोशी सहित इष्ट मित्रो परिवारजनो ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना व्यक्त की।

## अमृत हरित महाअभियान वर्ष 2026 का शुभारंभ




**महिदपुर।** अमृत हरित महाअभियान वर्ष 2026 का शुभारंभ दिनांक 05.06.2026 को विश्व पर्यावरण दिवस के साथ वार्ड क्रमांक 08 देवीजी रोड़ स्थित नवीन पार्क से किया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजा यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि अमृत हरित महाअभियान कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नानीबाई ओमप्रकाश माली द्वारा किया गया। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती आशा जगदीश राठौर, श्रीमती उमा पाण्डे, जगदीश राठौर, पार्षद प्रतिनिधि सोनी परमार, पूर्व पार्षद अफसार खान, निकाय कर्मचारीगण उपस्थित रहे। उक्त अभियान अन्तर्गत कुल 200 पौधे लगाये गये। आगामी दिनों में भी अभियान को जारी रख वृहद स्तर पर पौधारोपण किया जावेगा।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ परिसर में पौधारोपण



**महिदपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ परिसर में समर्पित सामाजिक संस्था एवं एनसीसी केडेट कालेज टीम के संयुक्त तत्वावधान में अनुविभागीय अधिकारी अजय हिंगे के मुख्य आतिथ्य में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

## अमृत हरित अभियान के तहत हुआ पौधारोपण कार्यक्रम



**सुसनेर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर अमृत हरित अभियान अंतर्गत नगर परिषद द्वारा नवीन भवन में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, पार्षद प्रतिनिधि पवन शर्मा, दिलीप जैन, जितेन्द्र सांवला, ईश्वर कांवल , सीएमओ ओपी नागर सहित कर्मचारियों ने अपनो की स्मृति में एक - एक पौधा लगाया तथा लगाए गये पौधे की संरक्षण की जिम्मेदारी ली इस अवसर पर लेखापाल जमील उर रहमान, स्टोर शाखा अखलाक खान, योजना नोडल अधिकारी शहजादी खान, राजस्व निरीक्षक नरेश सिंह , रामेश्वर माली, राकेश सोनी,सामुदायिक संगठक जगदीश परमार आदि कर्मचारियों ने उपस्थित होकर पौधारोपण किया।



# खेल-खेल में धरती बचाएं!



**बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक कैसे बनाएं? बच्चों के साथ पौधे लगाएं। रिसाइकिलिंग गेम खेलें। पानी बचाने वाले चैलेंज करवाएं। नेचुरल वॉक पर जाएं। डीआईवाय क्राफ्ट एक्टिविटीज कराएं। प्लास्टिक फ्री आदत सिखाएं। ईको फ्रेंडली रिवार्ड्स दें। ये गतिविधियां बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाने का आसान और मजेदार तरीका हैं।**

आज के समय में पर्यावरण संरक्षण केवल एक विषय नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है। जलवायु परिवर्तन, प्लास्टिक प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों की कमी जैसी चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में बच्चों को छोटी उम्र से ही पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना बेहद जरूरी हो गया है।

पर्यावरण शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है। माता-पिता बच्चों को रोजमर्रा की गतिविधियों और मजेदार खेलों के जरिए भी प्रकृति से जोड़ सकते हैं। जब बच्चे पेड़-पौधों की देखभाल करते हैं, कचरे को अलग-अलग डिब्बों में डालना सीखते हैं या पानी बचाने की आदत अपनाते हैं, तो वे जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में पहला कदम बढ़ाते हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि बचपन में सीखी गई आदतें जीवनभर साथ रहती हैं। इसलिए यदि पर्यावरण संरक्षण को बच्चों के लिए मजेदार और रोचक बनाया जाए, तो वे इसे बोझ नहीं बल्कि अपनी जिम्मेदारी समझेंगे। विश्व पर्यावरण दिवस जैसे अवसर बच्चों में प्रकृति प्रेम विकसित करने का बेहतरीन मौका हो सकते हैं। आइए जानते हैं ऐसे 7 आसान और मजेदार तरीके, जिनकी मदद से आप अपने बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक बना सकते हैं।

## बच्चों को पेड़-पौधों से कैसे जोड़ें?

गार्डनिंग को फन एक्टिविटी बनाएं। इसके लिए, बच्चों के नाम से एक पौधा लगवाएं। उन्हें रोज पानी देने की जिम्मेदारी दें। पौधे की ग्रोथ को मापने का खेल बनाएं। इससे बच्चों में प्रकृति के प्रति लगाव बढ़ता है।

## पानी बचाने की आदत कैसे सिखाएं?

पानी बचाने वाले चैलेंज रखें। जैसे, दांत ब्रश करते समय नल बंद रखने की आदत डालें। घर में प्रतियोगिता आयोजित करें। कम पानी इस्तेमाल करने वाले बच्चे को छोटा इनाम दें। इससे जल संरक्षण का महत्व समझ आता है।


## नेचर वॉक बच्चों के लिए क्यों जरूरी है?

प्रकृति को करीब से जानने का मौका पार्क, गार्डन या जंगल सफारी पर ले जाएं। पक्षियों, पेड़ों और फूलों के बारे में जानकारी दें। खेल खिलाएं। बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिज्ञासा बढ़ती है।

## रिसाइकिलिंग को मजेदार कैसे बनाएं?

घर में सूखे और गीले कचरे के लिए अलग डिब्बे रखें। बच्चों को सही डिब्बे में कचरा डालने का खेल खिलाएं। हर सही प्रयास पर स्टार या पॉइंट दें। इससे कचरा प्रबंधन की समझ विकसित होती है। बच्चों को कपड़े का बैग इस्तेमाल करना सिखाएं। रियूजेबल पानी की बोतल दें।

# गर्मी में बच्चे करते हैं चिड़चिड़?




गर्मी का मौसम बच्चों के लिए जितना मजेदार होता है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी साबित हो सकता है। छुट्टियों का उत्साह, बाहर खेलने की इच्छा और लंबे दिन बच्चों को उत्साहित तो करते हैं, लेकिन तेज धूप, बढ़ता तापमान और शरीर में पानी की कमी उनके व्यवहार पर असर डाल सकती है। यही वजह है कि गर्मियों में कई बच्चे छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने लगते हैं, जल्दी रोने लगते हैं या फिर चिड़चिड़े दिखाई देते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि गर्मी के मौसम में शरीर का तापमान बढ़ने, डिहाइड्रेशन और नींद के पैटर्न में बदलाव के कारण बच्चों का मूड प्रभावित हो सकता है। इसके अलावा घर के अंदर ज्यादा समय बिताने और मोबाइल या टीवी के बढ़ते इस्तेमाल से भी बच्चों में बेचैनी और चिड़चिड़ापन बढ़ सकता है। अच्छी बात यह है कि कुछ आसान और रोजमर्रा के बदलाव अपनाकर बच्चों को गर्मी में भी खुश, एक्टिव और पॉजिटिव रखा जा सकता है। सही खानपान, पर्याप्त पानी, पर्याप्त नींद और मनोरंजक गतिविधियां बच्चों के मूड को बेहतर बनाने में बड़ी भूमिका निभाती हैं।


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजो



## बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ







श्रीलंका के रुमेश ने नीरज चोपड़ा का रिकॉर्ड तोड़ा

# 92.67 मीटर दूर भाला फेंका, एशिया में दूसरे नंबर पर, पाकिस्तान के अरशद टॉप पर

एजेंसी ▸▸ कोलंबो




श्रीलंका के जैवलिन थ्रोअर रुमेश पाथिरागे ने नीरज चोपड़ा का रिकॉर्ड तोड़ दिया। वे एशिया में सबसे दूर जैवलिन फेंकने वाले दूसरे प्लेयर भी बन गए। 23 साल के रुमेश ने रोम डायमंड लीग में 92.67 मीटर का थ्रो किया। यह 2026 में किसी भी प्लेयर का पहला 90+ थ्रो था।

नीरज ने दोहा डायमंड लीग में पिछले साल 90.23 का थ्रो किया था। पहले नंबर पर पाकिस्तान के अरशद नदीम है। उन्होंने पेरिस ओलिंपिक 2024 में 92.67 मीटर का थ्रो किया था।

रुमेश का थ्रो ऑल टाइम सबसे लंबे थ्रो की सूची में आठवें स्थान पर पहुंच गया। एशिया में अब उनसे आगे केवल पाकिस्तान के अरशद नदीम हैं। ताइवान के चाओ-त्सुन चेंग 91.36 मीटर के साथ तीसरे और भारत के नीरज चोपड़ा चौथे स्थान पर हैं।

रोम डायमंड लीग में रुमेश ने मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन केशोर्न वॉलकॉट, पूर्व वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स, पूर्व ओलंपिक चैंपियन थॉमस रोहलर और पूर्व ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट याकुब वाडलेज्च जैसे खिलाड़ियों के बीच मुकाबला किया। उन्होंने पहले प्रयास में 84.49 मीटर का थ्रो किया और दूसरे प्रयास में 92.67 मीटर तक भाला फेंक दिया। इसके बाद उनके बाकी सभी थ्रो फाउल रहे।

रुमेश इस सीजन में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने मार्च में 89.37 मीटर का थ्रो कर नेशनल रिकॉर्ड तोड़ा था और वर्ल्ड लीड हासिल की थी। अप्रैल में किप केनो क्लासिक में उन्होंने 89.28 मीटर का थ्रो किया। उनके पांच सर्वश्रेष्ठ थ्रो में से चार 2026 में आए हैं।

रुमेश का खेल सफर क्रिकेट से शुरू हुआ था। टीनएज में वे 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते थे और 2019 की राष्ट्रीय टैलेंट हंट में अंडर-18 वर्ग में 134 किलोमीटर प्रति घंटे की गति दर्ज की थी।

# अनुभवी खिलाड़ियों को परिस्थितियों का सम्मान करना चाहिए- कोच गंभीर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इंडियन क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर ने संकेत दिया कि मोहाली में न्यू चंडीगढ़ स्टेडियम में कल से शुरू होने वाले भारत-अफगानिस्तान टेस्ट मैच में साई सुदर्शन भी खेल सकते हैं। वह देवदत्त पडिक्कल की जगह तीसरे नंबर पर बैटिंग के लिए आ सकते हैं। गंभीर ने स्टेडियम में मीडिया से बातचीत में ऋषभ पंत को उप कप्तानी से हटाने को लेकर सीधे तौर पर कुछ नहीं कहा।

गंभीर ने इतना जरूर कहा- हम ऋषभ पंत में बदलाव नहीं चाहते, लेकिन इंटरनेशनल क्रिकेट में खिलाड़ियों को मैच की परिस्थितियों का सम्मान करना जरूरी है। पंत की जगह केएल राहुल को उपकप्तान बनाया गया है। वहीं कल होने वाले मैच के लिए दोनों टीमें चंडीगढ़ पहुंच चुकी हैं। पिछले 3 दिन से वह प्रैक्टिस में जुटी हैं। इस दौरान गौतम गंभीर ने दो टूक कहा कि मेरी जवाबदेही सोशल मीडिया की तरफ नहीं बल्कि ड्रेसिंग रूम में बैठे उन 30 खिलाड़ियों के प्रति है, जिनके साथ मैं पूरी ईमानदारी से काम करता हूं। मैं सोशल मीडिया की आलोचना और तारीफों की तरफ ध्यान नहीं देता।

साई सुदर्शन को अभी तक पर्याप्त और सही मौके नहीं मिले हैं। वे मुख्य रूप से इंग्लैंड की मुश्किल परिस्थितियों में खेले। आईपीएल में उन्होंने 700 रन बनाए हैं, इसलिए महज 4-5 मैचों के आधार पर हम उनका आकलन नहीं कर सकते। हम उन्हें टीम में लंबा मौका देंगे। ऋषभ पंत को लेकर गंभीर ने कहा कि वह बैट्समैन के साथ हैं लेकिन उन्हें खेल की स्थिति को बेहतर ढंग से समझना होगा। अनुभवी खिलाड़ियों को परिस्थिति के हिसाब से खेल को बदलना चाहिए। टीम में वापसी करने वाले खिलाड़ियों पर परफॉर्मेंस को लेकर कोई अतिरिक्त दबाव नहीं डाला जाएगा। उन्हें धीरे-धीरे अपनी लय हासिल करने का पूरा मौका व टाइम दिया जाएगा।

## सैलरी नहीं मिलने पर खिलाड़ियों ने खेलने से मना किया

**ढाका।** ढाका प्रीमियर लीग में ब्रदर्स यूनियन के खिलाड़ियों ने बकाया भुगतान न मिलने पर मैच खेलने से इनकार कर दिया। खिलाड़ी मैदान पर तो आए, लेकिन उन्होंने टॉस करने से साफ मना कर दिया। इसके बाद अंपायरों ने विरोधी टीम अग्रणी बैंक को बिना खेले ही विजेता घोषित कर दिया।

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

**ए-वन मेरिज ब्यूरो**
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें।
पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल
8871909809
9054036759

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजेंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क
8717818385

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### अभि तोमर हत्याकांड का मुख्य शूटर डिल्लू लहारिया गिरफ्तार

**इंदौर।** लसूड़िया क्षेत्र में हुए अभि तोमर हत्याकांड में पुलिस ने फरार आरोपी डिल्लू उर्फ चंदन उर्फ चंद्रकांत लहारिया को आधिकारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार अभि तोमर को गोली डिल्लू ने अपनी रायफल से मारी थी। गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने भिंड में एक पुराने मामले में सरेंडर करने की कोशिश की थी, लेकिन वहां की पुलिस ने उसे इंदौर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के मुताबिक इंदौर लाए जाने के दौरान भागने की कोशिश में डिल्लू गिर गया, जिससे उसके हाथ-पैर में गंभीर चोट आई और फ्रैक्चर हो गया। गुलाब बाग कॉलोनी में हुए इस हत्याकांड के बाद मुख्य आरोपी गुलशन यादव, गौरव जाटव और डिल्लू लहारिया की तलाश के लिए एसआईटी गठित की गई थी। पुलिस ने आरोपी डिल्लू की मदद करने के आरोप में उसके पिता राजेंद्र लहारिया और पत्नी प्रीति लहारिया को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार डिल्लू उर्फ चंदन पर भिंड, मुरैना और आसपास के इलाकों में हत्या समेत तीन दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके फरार साथी गुलशन यादव और गौरव जाटव पर भी कई संगीन अपराध दर्ज बताए जा रहे हैं। दोनों आरोपी अभी फरार हैं और उनकी तलाश जारी है। गौरतलब है कि 21 मई को लसूड़िया थाना क्षेत्र में अभितेंद्र उर्फ अभि तोमर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस जांच में सामने आया कि यह हत्या पुरानी रंजिश और बदले की भावना में की गई। मुख्य आरोपी गुलशन यादव अपने भाई विष्णु यादव की हत्या का बदला लेना चाहता था, जिसके चलते इस वारदात की साजिश रची गई। फिलहाल पुलिस इस मामले में अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

### पुत्र ने पिता की मौत के करीब ढाई साल बाद उनके नाम पर लोन ले लिया

**इंदौर।** एक युवक ने अपने पिता की मौत के करीब ढाई साल बाद उनके नाम पर लोन ले लिया। मामले का खुलासा तब हुआ जब लोन कंपनी का रिकवरी एजेंट किस्त जमा नहीं होने पर घर पहुंचे। विजयनगर पुलिस ने मृत पिता के नाम पर लोन लेकर राशि का दुरुपयोग करने के मामले में बेटे के खिलाफ गुरुवार रात एफआईआर दर्ज की है। आरोपी ने बजाज फाइनेंस से लोन स्वीकृत करवाकर राशि पिता के खाते में डलवाई और बाद में अपने खाते में ट्रांसफर कर ली। विजयनगर पुलिस ने बजाज फाइनेंस के इंदौर कार्यालय में एसीयू पद पर कार्यरत आकाश गौतम की शिकायत पर बजरंग नगर निवासी अंकित चौहान के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार, अच्छेलाल रामचीज चौहान के नाम पर 2 लाख 12 हजार रुपए का लोन लिया था। अच्छेलाल पहले भी बजाज फाइनेंस के ग्राहक रह चुके थे और पूर्व में लिया गया लोन समय पर चुका दिया गया था। कंपनी के रिकॉर्ड के अनुसार, उनकी आईडी से लोन के लिए आवेदन आया था, जिसे 20 जनवरी 2024 को स्वीकृत कर दिया गया, लेकिन किश्तें नहीं मिलने पर रिकवरी एजेंट उनके घर पहुंचा, जहां पता चला कि अच्छेलाल का निधन 21 अगस्त 2021 को हो चुका है। जांच में सामने आया कि अच्छेलाल का मोबाइल नंबर उनका बेटा अंकित इस्तेमाल कर रहा था। पुलिस के अनुसार, उसी ने पिता की पहचान का उपयोग कर लोन प्राप्त किया। पूछताछ में अंकित ने बताया कि वह रैपिडो चलाता है। उसकी बहन पिता का मोबाइल इस्तेमाल कर रही थी। मोबाइल पर बजाज फाइनेंस के संदेश आने पर दो बार सहमति दे दी गई। कंपनी की ओर से किसी प्रकार के भौतिक सत्यापन या नए दस्तावेज नहीं लिए गए और वर्ष 2017 में जमा दस्तावेजों के आधार पर फोन पर पूछताछ के बाद लोन स्वीकृत कर दिया गया। लोन की राशि अच्छेलाल के खाते में जमा हुई थी। खाते में लंबे समय से कोई लेनदेन नहीं हुआ था, इसलिए अंकित ने मोबाइल पर यूपीआई सक्रिय कर राशि अपने खाते में ट्रांसफर कर ली। पुलिस के अनुसार, उसने पूरी रकम खर्च कर दी। मामले में पुलिस ने अंकित के खिलाफ धोखाधड़ी, गबन और मृत व्यक्ति के नाम का दुरुपयोग कर वित्तीय हेराफेरी करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है।

### डिलीवरी बॉय का मोबाइल लूटने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में डिलीवरी बॉय से मोबाइल लूटने वाले दो आरोपियों को शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर उनके आपराधिक रिकॉर्ड और अन्य वारदातों के संबंध में जानकारी जुटा रही है। राजेंद्र नगर थाना प्रभारी यशवंत बडोले ने बताया कि गुरुवार को दीन नगर क्षेत्र में एक डिलीवरी बॉय पार्सल देने गया था। इसी दौरान वह मोबाइल पर बात कर रहा था। तभी दो बदमाश उसके पास पहुंचे और हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर दो संदिग्ध युवकों को पकड़कर पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों ने मोबाइल लूट की वारदात करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों गणेश और निखिल गौतम को गिरफ्तार कर उनके पास से लूटा गया मोबाइल जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले से एक-एक आपराधिक मामला दर्ज है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि दोनों अन्य किसी अपराध में शामिल तो नहीं रहे हैं। राजेंद्र नगर थाना प्रभारी यशवंत बडोले ने बताया कि मोबाइल लूट की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके कब्जे से मोबाइल बरामद हुआ है। दोनों से पूछताछ जारी है और उनके आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है।

### मेडिकैप्स चौराहे पर डंपर की चपेट में आया बाइक सवार, चौराहे पर लगा जाम

**इंदौर।** मऊ के किशनगंज थाना क्षेत्र के मेडिकैप्स चौराहे पर शनिवार दोपहर एक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक बाइक सवार डंपर की चपेट में आ गया। टक्कर के बाद बाइक डंपर के नीचे फंस गई और कुछ दूरी तक घिसटती चली गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा अचानक हुआ, लेकिन बाइक सवार ने समय रहते खुद को डंपर से अलग कर लिया। इसी वजह से उसकी जान बच गई और उसे गंभीर चोट नहीं आई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बाइक सवार को सुरक्षित बाहर निकाला और प्राथमिक सहायता दी। हादसे में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद चौराहे पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और डंपर को हटवाकर यातायात सामान्य कराया।

### हनी ट्रैप-2 मामले में आरोपी विनोद शर्मा को झटका, कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज की

**इंदौर।** चर्चित हनी ट्रैप-2 प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी विनोद शर्मा को जिला कोर्ट से राहत नहीं मिली है। जिला कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उसकी जमानत याचिका निरस्त कर दी। कोर्ट ने प्रथम दृष्टया उपलब्ध साक्ष्यों और पुलिस जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर जमानत देने से इनकार कर दिया। हनी ट्रैप-2 मामले की जांच के दौरान पुलिस ने विनोद शर्मा को सह-आरोपी के रूप में गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसियों का दावा है कि यह मामला केवल ब्लैकमेलिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सुनियोजित तरीके से लोगों को जाल में फंसाकर उनसे बड़ी रकम वसूलने का प्रयास किया गया। मामले में कई अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। जमानत सुनवाई के दौरान शासन की ओर से जिला लोक अभियोजक अभिजीत सिंह राठौर ने कोर्ट को बताया कि याचिका का विरोध करते हुए तर्क दिया कि मामला गंभीर प्रकृति का है और आरोपी की भूमिका जांच में सामने आई है। अभियोजन ने कहा कि यदि आरोपी को जमानत दी जाती है तो वह साक्ष्यों को प्रभावित कर सकता है। मामले की निष्पक्ष जांच प्रभावित होने की आशंका है। विनोद शर्मा इंदौर पुलिस की इंटेलिजेंस शाखा में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल था। क्राइम ब्रांच की जांच में आरोप है कि वह हनी ट्रैप गिरोह के संपर्क में था और पूरे घटनाक्रम की रणनीति बनाने तथा सलाह देने में शामिल था। पुलिस के अनुसार, उसका मुख्य आरोपी अलका दीक्षित से लगातार संपर्क था। जांच में मिले चैट और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आरोप है कि कारोबारी से जुड़े फोटो, वीडियो और अन्य जानकारियां उसके साथ साझा की जाती थीं, जिनके आधार पर आगे की ब्लैकमेलिंग की रणनीति बनाई जाती थी। यह भी सामने आया कि गिरोह की महिलाएं उसे जीजा कहकर संबोधित करती थीं और आगे की कार्रवाई को लेकर उससे सलाह लेती थीं।

---

#### मानसून की दस्तक के पहले प्रशासन और नगर निगम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए

# मुकेरीपुरा में करीब 100 साल पुराने दो जर्जर मकानों को किया ध्वस्त

## कड़े इंतजाम कर भारी पुलिस बल तैनात किया, बैरिकेटिंग करके ढहाए गए मकान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के मुकेरीपुरा क्षेत्र में प्रशासन और नगर निगम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए करीब 100 साल पुराने दो जर्जर मकानों को ध्वस्त कर दिया। मस्जिद के पास स्थित ये भवन लंबे समय से खस्ताहाल अवस्था में थे और आसपास के लोगों के लिए खतरा बने हुए थे।

मानसून की दस्तक से पहले इंदौर नगर निगम और जिला प्रशासन ने शहर में खतरनाक व जर्जर मकानों के खिलाफ अपनी बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी कड़ी में शनिवार को इंदौर के घने बसे मुकेरीपुरा क्षेत्र में प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो अत्यंत जर्जर और खस्ताहाल मकानों को जमींदोज कर दिया। मस्जिद के ठीक पास स्थित ये मकान करीब 100 साल पुराने बताए जा रहे हैं, जो कभी भी धराशायी होकर किसी बड़े हादसे का कारण बन सकते थे। मुकेरीपुरा इलाके में स्थित इन दोनों पुराने भवनों को लेकर लंबे समय से स्थानीय रहवासियों द्वारा शिकायतें की जा रही थीं। नगर निगम की तकनीकी टीम ने जब मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया, तो पाया कि दोनों भवनों की दीवारें पूरी तरह झुक चुकी थीं और छतों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई थीं। चूंकि यह इलाका काफी व्यस्त है और पास में ही मस्जिद भी है, इसलिए बारिश के दिनों में यहां हर वक्त हादसे का डर बना रहता था।




किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए कार्रवाई के दौरान सुरक्षा के कड़े और व्यापक इंतजाम किए गए थे। नगर निगम के रिमूवल अमले ने सबसे पहले आसपास के पूरे क्षेत्र में बैरिकेडिंग की ताकि लोगों की आवाजाही को रोका जा सके। इसके बाद पोकलेन और जेसीबी मशीनों की मदद से मकानों के खतरनाक और कमजोर हिस्सों को पूरी तरह से हटाकर पूरे क्षेत्र को सुरक्षित कर दिया गया। स्थानीय नागरिकों ने भी प्रशासन के इस कदम का स्वागत किया है।

### मानसून अलर्ट : शहर के अन्य खतरनाक भवनों पर भी होगी कार्रवाई

जिला प्रशासन और नगर निगम के आला अधिकारियों का कहना है कि मानसून के दौरान ऐसे जर्जर भवन अचानक ढह जाते हैं, जिससे जान-माल का भारी नुकसान होता है। इंदौर शहर में ऐसे जितने भी खतरनाक और अति-जर्जर भवन चिन्हित किए गए हैं, उन्हें खाली कराने और ढहाने का यह अभियान लगातार जारी रहेगा ताकि जनसुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### भवन अधिकारी बोलीं- जनसुरक्षा के लिए समय पर कार्रवाई जरूरी

इस पूरी मुहिम और कार्रवाई को लेकर नगर निगम जोन-2 की भवन अधिकारी पल्लवी पाल ने मीडिया को विस्तृत जानकारी दी। मुकेरीपुरा क्षेत्र के ये दोनों मकान काफी पुराने और अत्यंत जर्जर अवस्था में पहुंच चुके थे। इनके आसपास लगातार लोगों की आवाजाही बनी रहती है। आगामी मानसून और भारी बारिश को देखते हुए किसी भी संभावित हादसे को टालने के लिए यह सुरक्षात्मक कदम उठाया गया है। नगर निगम की टीम पूरे जोन में ऐसे जर्जर निर्माणों पर नजर रखे हुए है और जनसुरक्षा के मद्देनजर यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**- पल्लवी पाल, भवन अधिकारी (नगर निगम, जोन 2, इंदौर)**

---

# इंदौर में जुटे 15 देशों के राजदूत और निवेशक

## सीएम डॉ. मोहन यादव ने भारत-लैटिन अमेरिका व्यापार एवं निवेश मंच का शुभारंभ किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

एमपी को वैश्विक निवेश और व्यापार के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारत-लैटिन अमेरिका एवं कैरेबियन व्यापार एवं निवेश मंच-2026 का आयोजन इंदौर के रेडिसन होटल में किया जा रहा है। इस अंतरराष्ट्रीय फोरम का आयोजन मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम और ग्लोबल इंडिया बिजनेस फोरम के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया। मंच पर लैटिन अमेरिका एवं कैरेबियन क्षेत्र के 15 से अधिक देशों के राजदूत, उच्चायुक्त, राजनयिक प्रतिनिधि, निवेशक, उद्योगपति, निर्यातक, व्यापारिक संगठन और वरिष्ठ शासकीय अधिकारी शामिल हुए। आयोजन में 350 से अधिक प्रतिनिधियों की भागीदारी प्रस्तावित है।




यह मंच भारत और लैटिन अमेरिका- कैरेबियन देशों के बीच व्यापारिक, औद्योगिक और निवेश संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इसके माध्यम से मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेशकों के सामने एक आकर्षक औद्योगिक और निर्यात गंतव्य के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। प्रदेश सरकार का मानना है कि यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय निवेश आकर्षित करने, निर्यात बढ़ाने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मध्य प्रदेश और लैटिन अमेरिका- कैरेबियन देशों के बीच व्यापारिक संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य से इस क्षेत्र के देशों को लगभग 3,835 करोड़ रुपए का निर्यात हुआ, जो पिछले वर्ष की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। प्रदेश के फार्मास्यूटिकल्स, इंजीनियरिंग, कृषि आधारित उत्पाद, पैकेजिंग और विनिर्माण क्षेत्र के उत्पाद 33 से अधिक देशों तक पहुंच रहे हैं।

### बच्ची के साथ गलत हरकत, लोगों में आक्रोश, रात में किया चक्काजाम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

गोम्मटगिरि चौराहे पर लोगों ने चक्काजाम कर दिया। थाना क्षेत्र में 11 वर्षीय बच्ची के साथ हुई घटना के बाद पुलिस ने छेड़छाड़ की धारा में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं, बच्ची के परिजनों और स्थानीय लोगों का आरोप था कि बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है, लेकिन पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज नहीं किया और न ही उसका मेडिकल परीक्षण कराया। उनका यह भी कहना था कि घटना में अन्य आरोपी भी शामिल हैं। इसी को लेकर लोगों में आक्रोश था। प्रदर्शन के दौरान बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार भी मौके पर पहुंचे।

गांधीनगर एसीपी निधि सक्सेना ने बताया कि मामला गांधीनगर थाना क्षेत्र का है। गुरुवार को 11 वर्षीय बच्ची ने थाने में छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने क्षेत्र के ही एक अधेड़ व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया था। उस समय बच्ची ने छेड़छाड़ की ही घटना होना बताया था।

इधर, शुक्रवार रात को इलाके के लोगों ने मामले में गोम्मटगिरी चौराहे पर चक्काजाम किया। जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने की कोशिश। आक्रोशित लोगों ने थाने का भी घेराव किया।

### फाइनेंस कंपनी ने दूसरे खाते में ट्रांसफर की लोन की राशि, दो आरोपी पकड़े

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला के दस्तावेजों का दुरुपयोग कर फर्जी लोन निकालने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर दो आरोपियों को हिरासत में लिया है, बड़ी बात यह है कि इसमें फाइनेंस कंपनी का मैनेजर , कस्टमर सर्विसेस रिप्रेजेंटेटिव के साथ मिलकर एक महिला आरोपी भी शामिल है ।

इंदौर शहर में बढती धोखाधड़ी की घटनाओं के बीच एक और ताजा मामला इंदौर क्राइम ब्रांच में सामने आया है, फाइनेंस कंपनी ने एक जैसे दो खाताधारकों के नाम को देखते हुए साजिश रची और मैनेजर एवं उसके कर्मचारी ने लोन की राशि उसी नाम वाले दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दी और लोन फॉर्म रिजेक्ट कर दिया, महिला ने जब फिर आवेदन किया तो धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। क्राइम ब्रांच पहुंची फरियादी अमरीन बैग ने पुलिस को बताया कि जुलाई 2025 में वह अपने पति शाहबुद्दीन के साथ वाशिंग मशीन फाइनेंस करवाने एक दुकान पर गई थी। वहां कर्मचारी द्वारा ऑनलाइन लोन के लिए लॉग-इन करने पर लोन रिजेक्ट हो गया। तब आवेदिका को पता चला कि उसके नाम पर आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (केशरबाग रोड ब्रांच) में पहले से ही 40 हजार रुपये का एक लोन चल रहा है, जिसमें किस्तें न चुकाने के कारण उसका सिबिल स्कोर खराब हो चुका है और वह डिफाल्टर हो चुकी है।

### 1.20 करोड़ रु. की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

क्राइम ब्रांच ने वेलनेस सेंटर की फ्रैंचाइजी देने के नाम पर 1.20 करोड़ की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। क्राइम ब्रांच ने नई दिल्ली से कंपनी के दो शातिर डायरेक्टर को गिरफ्तार किया है, जबकि दो की तलाश जारी है। आरोपी डॉ. हरोर्स एस्थेटिक प्राइवेट लिमिडेट कंपनी बनाकर फ्रैंचाइजी के नाम पर बड़ा नेटवर्क चलाते थे।

डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि 26 मई को क्राइम ब्रांच में रितु मेहता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि नई दिल्ली की कंपनी डॉ.हरोर्स एस्थेटिक प्राइवेट लिमिटेड के संचालकों द्वारा वेलनेस सेंटर खोलने की फ्रैंचाइजी देने के नाम पर उनसे 1.20 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच ने एक स्पेशल टीम बनाई और कार्रवाई करते हुए उन्हें नई दिल्ली रवाना किया, जिसके बाद टीम ने आरोपियों की जानकारी निकाली और उनके ठिकानों पर दबिश दी। उन्होंने बताया कि मामले में टीम ने आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी और घेराबंदी करते हुए मामले से जुड़े दो मुख्य आरोपियों (डायरेक्टरों) को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ाए आरोपियों में देबदुलाल बनर्जी (48) निवासी सुपरटेक केपटाउन, सेक्टर-74 नोएडा और राहुल सावेल (39) निवासी नवादा, उत्तम नगर, नई दिल्ली है।


उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा

नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा

संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन



स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapress@gmail.com